an>

Title: Further discussion regarding "Natural calamities in various parts of the country" raised by Shri Kalikesh Naryaen Singh Deo on 2nd December, 2014.

HON. DEPUTY-SPEAKER: Now, the House will take up Discussion under Rule 193 on natural calamities. I call Shri Keshav Prasad Maurya to speak on Natural Calamities.

श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे नियम 193 के अंतर्गत चर्चा में शामिल का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। आज ओडिशा और आध्र प्रदेश में आये हुदहुद तूफ़ान के लिए यहाँ पर चर्चा शुरू हुई है। जब से देश में माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है, तब से देशवासियों को भरोसा है कि अगर उन पर कोई संकट आता है तो निश्चित तौर पर संकट मोचक के रूप में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पूरी सरकार खड़ी होती है। इसे साबित भी किया गया है। चूंकि मैं उत्तर प्रदेश के फूलपुर लोक सभा क्षेत्र से आता हूँ, देश के अंदर बाढ़ की समस्या आती है, मैं उस पर आपके सामने अपने विचार रखना चाहता हूँ।

15.27 hrs. **(Prof. K.V. Thomas *in the Chair*)**

अभी पिछले दिनों जब हुदहुद तूफ़ान आया था, उस समय निश्चित रूप से ओडिशा और आध्र प्रदेश उससे प्रभावित थे, लेकिन पूरा उत्तर प्रदेश भी उससे प्रभावित हुआ था। उस तूफ़ान के कारण उत्तर प्रदेश में वर्षा और तेज हवाओं के कारण किसानों की लाखों बिघे फसल बर्बाद हुई थी, लेकिन उस समय किसानों के लिए कोई राहत की व्यवस्था नहीं की गयी थी। आज देश में जिस प्रकार से ये समस्याएँ खड़ी हो रही हैं, वे शायद न खड़ी होतीं, पूर्व जो यू.पी.ए. सरकार थी, जब माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में सरकार थी तो उस सरकार ने नदियों को जोड़ने की एक योजना शुरू की थी। उस योजना को पिछली सरकार ने ठण्डे बस्ते में डाल दिया और उसके कारण जहाँ हमारे देश का एक बड़ा हिस्सा बाढ़ में डूब जाता है, वहीं दूसरी ओर देश का बहुत बड़ा हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाता है। मैं एक किसान परिवार से संबंध रखता हूँ, इसलिए किसानों की समस्या को मैं समझता हूँ। किसानों की तीन प्रकार से हानि होती है। कभी बाढ़ के कारण और कभी सूखे के कारण हमारा किसान आजादी के 68 साल बाद भी आज इस स्थिति में है कि अगर अपने बच्चों को पढ़ाना हो तो खेती के माध्यम से वह अपनी जरूरत को पूरी नहीं कर सकता है। गांवों में बैठा हुआ किसान अन्य अनेक संकटों का सामना करता है। मेरे फूलपुर लोक सभा क्षेत्र में दो तहसीलें - फूलपुर और सोरावं, जो ग्रामीण क्षेत्र के हिस्से हैं, उन दोनों तहसीलों में सैकड़ों ऐसे गांव हैं जो पिछले वर्ष आई बाढ़ के कारण टापू के रूप में परिवर्तित हो गए थे। नदियों के किनारे बांध के निर्माण की आवश्यकता है। इलाहाबाद शहर में कुम्भ मेला का क्षेत्र है, वहां गंगा-यमुना पावन नदियों का संगम है, वहां पर छः वर्ष में अर्धकुम्भ और बारह वर्ष पर महाकुम्भ का आयोजन होता है और दुनिया का सबसे बड़ा मेला वहां लगता है। उस मेला क्षेत्र में आने वालों की बहुत भीड़ होती है। मैं सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि गंगा और यमुना जी के दोनों तरफ बांध का निर्माण करके कुम्भ मेले में आने वाले करोड़ों भक्तों की समस्याओं को दूर कर सकते हैं। इलाहाबाद जैसे ऐतिहासिक शहर के सलोरी, राजापुर, भारद्वाजपुरम, दारागंज, बरुआघाट, सैदपुर, बक्शीमोढ़ा, ढोकरी, ककरा, कोटवा, झूंसी, कोहना आदि इलाके पिछली बाढ़ में डूबे हुए थे। नदी पर एक बांध के निर्माण का काम वर्ष 1977 में शुरू हुआ था, उसे थोड़ी दूर तक बनाने का काम हुआ, लेकिन उसके बाद से वह ठप पड़ा है। जब मैं उत्तर प्रदेश विधान सभा का सदस्य था, मैंने प्रदेश सरकार को भी इस संबंध में लिखा था, लेकिन प्रदेश सरकार ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। वहां लीलापुर नाम का एक गांव है, बाढ़ के समय मैं वहां गया था, वह गांव एक टापू के रूप में परिवर्तित हो गया था। आज किसानों की स्थिति इतनी बदतर है। कभी कहा जाता था - उत्तम खेती, मध्यम बान, निषिद्ध चाकरी, भीख निदान। आज किसान भिखारी से भी बुरी दशा में पहुंच गया है। मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित कराना चाहता हूं कि किसानों की समस्या पर ध्यान दिया जाए। उत्तर प्रदेश में बहुत देर में 40 जिले सूखाग्रस्त घोषित किए गए, जब केन्द्र सरकार ने योजना की घोषणा, लेकिन उसमें इलाहाबाद को शामिल नहीं किया गया। वहां कई लाख बीघे जमीन के सूखे से प्रभावित होने के कारण धान की फसल नहीं हो पाई, बिजली नहीं आने के कारण सिंचाई नहीं हो पाई और वर्तमान में भी रबी की बुआई का समय है, लेकिन वहां की नहरों में पानी नहीं है।

महोदय, कभी बाढ़ के कारण हमारे किसान नुकसान का सामना करता है और कभी सूखे के कारण नुकसान उठाता है। बाढ़ और सूखे के कारण इस देश में जो संकट आया करता है, उससे मुक्ति के लिए निश्चित रूप से कोई नई प्रकार की योजना तैयार करने की आवश्यकता है। इसलिए मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि जिस प्रकार से हम भ्रष्टाचार-मुक्त और गरीबी-मुक्त भारत की ओर बढ़ रहे हैं, हर क्षेत्र में भारत प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है, उसी प्रकार किसानों के हित में मेरी मांग है कि उनके लिए अलग से एक व्यवस्था बनाई जाए। आज मुआवजे की जो राशि निर्धारित की गयी है, वह बहुत कम है। बाढ़ के दौरान किसानों के मकान ढह जाते हैं, लेकिन मुआवजे के रूप में किसी को 500 रुपये और किसी को 5000 रुपये दिए जाते हैं। मैं मांग करता हूं कि अगर बाढ़ से किसी का मकान गिरता है, तो उसे आवास देने की व्यवस्था की जाए। अगर किसी किसान की एक बीघे फसल डूब जाती है तो उसे कम से कम 50 हजार रुपये मुआवजे के रूप में देने की व्यवस्था की जाए। नदियों के किनारे रहने वाले बहुत से माननीय सदस्य यहां बैठे हैं, जब बाढ़ आती है तो लाखों बीघे जमीन कटकर नदियों में चली जाती है। मेरे क्षेत्र में ककरा-कोटवा ऐसे गांव हैं, जहां की लाखों बीघे जमीन गंगा जी में लगभग सात-आठ वर्ष पहले समा गयी। कब वह जमीन वापस आएगी, पता नहीं है, लेकिन उस समय तक उन किसानों का परिवार कैसे चल रहा होगा। इसलिए मैं यह आग्रह करना चाहता हूं कि जिनकी जमीन किसी नदी में समा जाती है, जब तक वह जमीन नदी से वापस नहीं मिलती है, तब तक उनको प्रति एकड़ कम से कम 50 हजार रुपये मुआवजे के रूप में देने की व्यवस्था की जाए, खेती का बीमा कराया जाए जिससे किसान की क्षति की पूर्ति हो सके।...(व्यवधान)

मैं केवल एक बात कह कर अपनी बात समाप्त करता हूं। मैं गांव से आता हूं। इस देश के किसानों की स्थिति सांसद महोदय जानते हैं। वह मेहनत करता है, खेती में अनाज पैदा करता है, लेकिन उस अनाज को वह खा नहीं पाता है। अच्छी सब्जी उसके खेत में पैदा होगी तो वह बाजार में बिकने के लिए चली जाती है और जो बाजार में बिकने लायक सब्जी नहीं होती है वह किसान और उसका परिवार खाता है। ऐसे किसानों के हित में आज मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि कोई नयी योजना बनाकर के किसान को राहत पहुंचानी चाहिए। धन्यवाद।

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Mr. Chairman, Sir, we are all familiar with the natural disasters which have become a perennial problem for the country like India. It is true that Indian sub-continent is most disaster prone area. I am goaded to give you a few account of it that 85 per cent is vulnerable to one or multiple hazards; 23 States are disaster prone; 57 per cent of the land is vulnerable to earthquakes; 68 per cent of the land is prone to droughts; 8 per cent to cyclones and 12 per cent to floods. Ever since 2004, we are experiencing the Tsunami

syndrome in India also. You will be astonished to note that 30 million people are affected by floods in the Ganga- Brahmaputra plains and 40 million hectares of land is prone to flood. Flood has become a perennial problem for five States including West Bengal, Assam, Bihar, Jharkhand etc.

Each year, India is incurring 2 per cent of its GDP for the disaster. Each year, we are spending 12 per cent of our revenue for relief, rehabilitation programmes for the flood affected victims. Naturally, floods, earthquakes, Tsunami, volcanoes, all are the manifestations of natural disaster which act as an impediment to our economic growth also. We know that we have National Disaster Response Fund, National Disaster Response Force etc. But our National Disaster Management Authority now is acting as a headless chicken without having an effective and proper mechanism. At least, we would not be able to mitigate the onslaught of the natural disaster.

Natural disasters take place because of climatological problem, geophysical problem, meteorological problem, and hydrological problem. So, naturally, we need to have a very robust institution and infrastructure to deal with this situation. Here, the problem used to be faced by those States who are suffering from recurring natural disaster.

Take for example, West Bengal. In 2009, West Bengal was struck by the cyclone Aila. Hundred kilometres of embankments got wiped out. There was ingression of sea water into the cropped area. Till now, there has been no perceptible work done by the Government. I am not here to blame any Government but the fact is, I want to know how much fund has been released from the Central coffer to deal with the Aila syndrome that had struck West Bengal in the year 2009. Lakhs of people got displaced due to Aila syndrome but still there is no ray of hope for those hapless people of the State of West Bengal. There is an Inter-Ministerial Central Team which was sent to assess the damages as per norms. Their assessment report has to be placed before the Sub-Committee of National Executive Commission. Thereafter, it will further be placed before the high level Committee for approval. I would suggest the Government to expedite the entire assessment process because there is a saying 'a stitch in time saves nine'. If you do the work in a proper manner then many things could be saved.

Sir, I know that there is a paucity of time. I am just referring as to what has happened in the city of fortune, Visakhapatnam. It is a steel city. First of all, I must congratulate to our Army personnel who had done their best in saving the people of those distant areas. Secondly, I must congratulate our Meteorological officials who had remained themselves busy in constantly conveying early warnings to the affected States. In spite of the early warning system, what has happened in the Visakhapatnam steel city? There was no production at all for about 21 days. Considering the operational loss per day put at Rs. 21 crore, the total loss to the Visakhapatnam Steel Plant was around Rs. 840 crore. The initial estimate of loss due to damage to equipment is put at Rs. 300 crore by the management.

Therefore, I would urge upon the Government that considering the loss to heavy industry, as it is a public sector industry, it should be given immediate relief in the form of tax relief. Total tax holiday should be given for two years. The tax relief should be given in Excise Duty, Customs Duty and Dividend Duty.

In spite of all kinds of early warning mechanisms, what had happened to the Visakhapatnam city during cyclone? The water was sold at a price of Rs. 100 per litre. But it was not given to the people who were in desperate need of it. A complete disorder and chaos was hovering during that period when the cyclone was ravaging the coastal city of Andhra Pradesh.

Due to paucity of time, I would simply refer to two or three suggestions. First of all, we need to have a robust disaster reduction plan. National level plans needs to be specific to each level of administrative responsibility and adapted to the different social and geographical circumstances that are present.

Secondly, degradation of the environment can alter the frequency and intensity of natural hazards. We need to have an elaborate plan for preparedness. Only resilience could mitigate the onslaught of natural disaster. Therefore, preparedness should be based on a sound analysis of disaster risks and good linkages with early warning systems, and includes such activities as contingency planning, stockpiling of equipment and supplies, the development of arrangements for coordination, evacuation and public information, and associated training and field exercises. These must be supported by formal institutional, legal and budgetary capacities. The related term 'readiness' describes the ability to quickly and appropriately respond when required and where the Government failed miserably.

Sir, I would like to say something about Kashmir. This area is a seismic prone area. There is a need for 'building code'. The Kashmir Government had not followed any 'building code and, as a result of which, a great loss had been incurred upon the common people. However, I would like that the Home Ministry should prevail on the reasons for this.

श्री कीर्ति आज़ाद (दरभंगा) : सभापति महोदय, प्राकृतिक आपदा के कारण कई हैं और हमारे बहुत सारे सदस्यों ने इस विषय पर बात की है। मैं अभी अधीर रंजन जी की बात सुन रहा था। उन्होंने बताया कि आर्या के कारण सन् 2009 में पश्चिम बंगाल में बहुत समस्या हुई थी। जब इस प्रकार की कोई आपदा आती है तो हम सभी संवेदना रखते हैं। उस समय केंद्र में इन्हीं की सरकार थी। अभी छह महीने हमारी सरकार को आए हुए हुए हैं। मुझे मालूम नहीं कि पांच साल तक ये क्या कर रहे थे कि अभी तक वहां के लोगों को रिलीफ नहीं मिल पाई है। उसके बारे में संभवतः यही अच्छी तरह से बता पाएंगे या राज्य सरकार बता पाएगी या उसके पहले जो सरकार थी, उसने क्यों नहीं किया। उसका जवाब शायद ये ही दे पाएंगे। उसमें हमें बताने की कोई आवश्यकता नहीं है। ...(व्यवधान) सन् 2005 में नैशनल डिज़ास्टर मैनेजमेंट आथॉरिटी का कानून पास हुआ था। उसके कारण

कई हो सकते हैं कि राज्यों में संभवतः लोगों के पास उतनी वित्तीय सहायता नहीं थी या फिर वे उतने सक्षम नहीं थे कि प्राकृतिक आपदाओं के ऊपर वे किस प्रकार से नियंत्रण पा सकें। प्राकृतिक आपदाएं, अगर हम देखें तो मुझे याद है कि बिहार में सन् 2008 में पहली बार आई थी, जब कोसी टूटा था। आज भी लगभग 3700 लोग लापता हैं। लगभग 193 पंचायतें, पांच डिस्ट्रिक्ट्स में साफ हो गए थे। आज भी क्या परिस्थिति है, इसके बारे में बिहार सरकार से पता करने का प्रयास करते हैं, हमें पता नहीं लगता है। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Hon. Member, please do not disturb. Let him speak.

...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record except what Shri Kirti Azad speaks.

*(Interruptions) â€¦**

श्री कीर्ति आज़ाद : सभापति महोदय, सन् 2008 में कोसी में आपदा आई थी और इस वर्ष हमारे जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में भी प्राकृतिक आपदा आई है। 2 सितंबर को मौसम विभाग ने वहां की राज्य सरकार को बता दिया था कि परिस्थिति बहुत खराब है और सौ मिलिमीटर के ऊपर वर्षा हो सकती है। राज्य सरकार ने कोई तैयार कर के नहीं रखी थी। लेकिन धन्यवाद करते हैं, हमारी जो नैशनल डिज़ास्टर रिस्पांस टीम थी, वह तुरंत वहां पर गई। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने तुरंत फोर्स को बुलाया। गृह सचिव भी वहां पर गए। लगभग 30 हज़ार आदमियों को वहां पर भेजा गया, जिसमें आर्मी, सीआईएसएफ और अन्य ऐसे लोग शामिल थे।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, please do not interfere like this.

...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record except what Shri Kirti Azad speaks.

(Interruptions) â€¦ *

श्री कीर्ति आज़ाद : सभापति महोदय, जब वहां की राज्य सरकार इस आपदा के ऊपर काम नहीं कर सकी तो केंद्र सरकार की ओर से तुरंत मदद पहुंचाई गई। वहां का मास्टर प्लान भी जो सन् 2001 में श्रीनगर में बना है, उसके मुताबिक भी 26 फीट तक कोई मकान नहीं बन सकता और पानी इतनी ऊंचाई तक जा रहा था। जो नगीन लेक और डल लेक वहां पर है, जो एक बफर का काम करता था कि जब कभी भी इस प्रकार की कोई त्रासदी हो, जो पहली बार 1902 में हुई थी, वह सारे पानी को लिया करता था। लेकिन ड्रेनेज सिस्टम और न जाने कितनी गड़बड़ियां थी, उसके कारण नहीं हो पाया। आज अगर श्रीनगर में किसी प्रकार से मदद हुई तो केंद्र सरकार की तरफ से हुई। नैशनल डिज़ास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की तरफ से टीम वहां पर गई। वहां जाकर, जितनी भी समस्याएं थीं, पूरी की गई।

केंद्र सरकार ने शुरू में ही 510 करोड़ रूपये क्षतिग्रस्त घरों के लिए दिए। 170 करोड़ उन अस्पतालों के लिए दिए गए जो टूटे थे। यहां तक कि बच्चों की किताबों के लिए 20 करोड़ रूपये दिए गए। केंद सरकार की ओर से यह रिस्पांस था। जिस दिन यह चर्चा शुरू हुई थी, तब उस समय श्री शशि थरूर जी ने कहा था कि आर्मी का उपयोग क्यों करते हैं। आर्मी का उपयोग इसलिए किया जाता है, क्योंकि इन विपरीत परिस्थितियों में अभी तक राज्यों में ऐसी ट्रेनिंग नहीं दी गई, जो लोग बाढ़ में किसी प्रकार से सहायता कर सकें। इसीलिए हम सदैव अपनी सेना, वायु सेना और नौसेना उपयोग करते हैं। यह शशि थरूर जी को मालूम होना चाहिए। पिछले दस सालों से जब वे सरकार में थे तब उन्होंने ट्रेनिंग क्यों नहीं दी? उस विषय के ऊपर उनको बताया चाहिए था, जो उन्होंने नहीं बताया। वहीं दूसरी ओर अगर आप पिछले वर्ष उत्तराखण्ड में हुई त्रासदी को देखें तो चार दिन तक केंद्र सरकार की ओर से कोई भी सहायता उत्तराखण्ड में नहीं पहुंचाई गई थी। लोग जलमग्न हो गए। जल में लोगों की समाधि हो गई। आज तक वहां लोग जमीन में दबे हुए हैं। किसी को मालूम नहीं है कि कौन कहां है। इसलिए जब कभी भी कोई कहता है कि हैडलेस चिकन, आज भी एनडीएमए है, प्रधान मंत्री उसके अध्यक्ष हैं। कहीं भी एनडीएमए की ओर से कोई कमी हुई हो तो ये हमें बताएंगे। उसके लिए मैं इनसे जानकारी लेना चाहूंगा। जब से हमारी सरकार बनी है, कहीं पर हमारे रैपिड एक्शन फोर्स ने काम किया हो या न किया हो? अभी आंध्र प्रदेश और ओडिशा की बात हुई। मैं ओडिशा की सरकार का धन्यवाद करता हूँ कि उन्होंने तेजी दिखाई, लेकिन 24 घंटे के अन्दर केन्द्र सरकार की तरफ से आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अन्दर सहायता भिजवाई गई और जो हानि हुई, उसे रोकने में बहुत हद तक, हानि तो हुई ही, लेकिन केन्द्र सरकार की तरफ से एन.डी.आर.एफ. की जो टीम गई थी, उसकी बहुत ज्यादा सहायता रही है। वर्ष 2008 में, प्राकृतिक आपदा में अगर सबसे भयंकर आपदा किसी को कहा जाए, जिसका वर्णन मैंने शुरू में भी किया था कि पाँच डिस्ट्रिक्ट की लगभग 193 पंचायत डूबकर खत्म हो गईं, टूट-टूटकर सब कुछ निकल गया, वहाँ सब कुछ खत्म हो गया। वहाँ के 3,700 लोग आज भी लापता हैं। बिहार सरकार से अनेकों बार इस विषय के ऊपर हमने पूछने का प्रयास किया, लेकिन बिहार सरकार से आज तक हमें जवाब नहीं मिला है।...(व्यवधान)

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) : उस समय आप तो सरकार के साथ थे।...(व्यवधान)

श्री कीर्ति आज़ाद : जब उस समय के माननीय प्रधानमंत्री जी, श्री मनमोहन सिंह जी वहाँ पर गए थे तो उन्होंने कहा था कि यह राष्ट्रीय आपदा है। जब वे दिल्ली आये और उनसे पूछा गया तो उसके ऊपर उन्होंने कुछ नहीं कहा और कोई समर्थन नहीं मिला। बहुत लोगों की ओर से जो पूरे देश भर से अलग-अलग जगहों से रिलीफ आई थी, उस रिलीफ को उस समय के मुख्यमंत्री जी ने वापस किया। जैसे गुजरात से रिलीफ आया था तो उसको उन्होंने वापस किया। वह रिलीफ उन लोगों के लिए था, जिनके घर उजड़ गए थे, परिवार उजड़ गए थे, जिनके मवेशी खत्म हो गए थे, लेकिन खेद की बात यह है कि उस समय के मुख्यमंत्री ने उस पैसे को वापस किया।

श्रीमती रंजीत रंजन : आपने क्यों नहीं लिया? आप तो सरकार के साथ थे।...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : इसीलिए हमने उनका साथ छोड़ दिया।...(व्यवधान)

श्री कीर्ति आज़ाद : उस समय हमने केन्द्र सरकार से...(व्यवधान) आप बिल्कुल सही कह रहे हैं।...(व्यवधान) मैं बिल्कुल आपकी बात मानता हूँ।...(व्यवधान) इसीलिए यह हुआ।...(व्यवधान) आप बैठ जाइये।...(व्यवधान)

महोदय, मैं मिथिला की भूमि से आता हूँ। मैं मिथिलाँचल के क्षेत्र से आता हूँ। हम लोग सदैव मौर्य सभ्यता की या फिर गुप्तकालीन सभ्यता की बात करते हैं। मैं उस मिथिला की भूमि से आता हूँ, जिसका वर्णन त्रेता काल से है। राजा जनक, जगत जननी जानकी, माँ वैदेही, मैथिली, सीता माँ के अनेक नाम हैं, मैं उस जगह से आता हूँ। वह त्याग की भूमि है और जो उत्तर बिहार का क्षेत्र है, वह सदैव जलमग्न रहता है। नेपाल से अनेकों जंगली नदियाँ निकलती हैं और वे आकर पूरे मिथिलाँचल के, उत्तर बिहार के क्षेत्र को ध्वस्त कर देती हैं। आज भी मिथिला रो रही है। अगर पुराणों में देखा जाए, ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से मिथिला का बहुत उच्च स्थान रहा है। आप आज भी पुराणों में देखेंगे तो जानेंगे कि जिस समय पूरे विश्व भर में अकाल था, तो वह केवल एक मिथिला की भूमि थी, जिसने सबको भोजन कराया था। आज मिथिला की यह परिस्थिति है कि केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, हम अपनी भाषा नहीं बोल सक्ते हैं, हम पढ़-लिख नहीं सकते हैं, हमारे ऊपर शैक्षणिक आपदा भी है, हमारे ऊपर आर्थिक आपदा भी है। हम नेपाल के उस बॉर्डर से लगते हैं, जहाँ से ये नदियाँ चली आती हैं। जब नेपाल में पानी भर जाता है तो जहाँ पानी फँसा होता है उन बाँधों को खोल दिया जाता है और वे नदियाँ नेपाल से

आकर हमारी पूरी मिथिला की भूमि को खराब करके चली जाती हैं। आज परिस्थिति यह है कि अनेक जगहों पर चौर, चौर यानी जहाँ नीचे की जमीन होती है, जब उसके अन्दर बाढ़ आती है तो पानी सालों-साल तक वहाँ रह जाता है। अगर आज आप देश भर में देखेंगे तो गंगा के उत्तर के लोग, जो मिथिलाँचल के क्षेत्र के लोग हैं, वे लोग आपको दिल्ली में भी मिलेंगे, बम्बई में भी मिलेंगे, गुजरात में भी मिलेंगे, वे आपको हरियाणा में भी मिलेंगे, ये सभी वे लोग हैं, जो पीड़ित हैं। इस कारण से वे अपने देश को छोड़कर परदेस में आकर जगह-जगह पर अपनी रोटी कमाते हैं। हमारे साथ तो मिथिला में और भी गड़बड़ी हुई कि सन् 1816 में सुगोली का एक पैक्ट हुआ। सुगोली के पैक्ट में जहाँ पर जनकपुर के अन्दर जनकपुर मन्दिर है, जहाँ राम जानकी विवाह हुआ था, वह भी नेपाल में दे दिया गया। हमारे आठ ऐसे जिले हैं, जो नेपाल में चले गए। उसके कारण से हमारी मिथिला की जो संस्कृति है, जो हमारी सभ्यता है, हमारे यहाँ के जो अलग-अलग तीज, त्यौहार हैं, अपने यहाँ पर हम जो दूसरे अलग-अलग रूप में चीजों को मनाते हैं, आज भी उन्हें वह स्थिति नहीं मिल पाई है। हमारी परिस्थिति ऐसी बनी हुई है कि इस बाढ़ के कारण से जो मिथिला सदैव त्याग की भूमि रही थी, वह सदैव त्याग करती रहती है। सबसे मजेदार बात तो यह है कि वहाँ पर केवल दो फसलें होती हैं। एक होती है खरीफ, जिसे किसान अपनी मेहनत से उगाता है और दूसरा होता है रिलीफ, जो अफसर खा जाता है। वहाँ लोगों को रिलीफ नहीं मिलता है, लेकिन वह रिलीफ अफसरों की जेबों में चला जाता है। वे उसको गट करके चले जाते हैं और गरीब आदमी वहाँ समस्याओं से जूझता रहता है। अभी हुदहुद आया था। लोगों ने हुदहुद की बात की कि ओडिशा और आंध्र प्रदेश में हुआ, लेकिन क्या आज तक किसी ने बात की कि उस हुदहुद ने मिथिलांचल के क्षेत्र में आकर भी अपना डंका बजाया। वह हमारे लोगों को तोड़ते हुए, खत्म करते हुए दरभंगा से मधुबनी के क्षेत्र में गया। वह परिस्थिति कोई नहीं देखता। बिहार में जो परिस्थिति इस समय अफसरों और सरकार की है, वह केवल बयानबाज़ी कर सकती है। बयानबाज़ी के अलावा दूसरी कोई चीज़ नहीं करती। लोगों को जो रिलीफ मिलना चाहिए, वह मिलता नहीं है। उसके कारण से वह मिथिला की भूमि, जो बिहार के नाम से जानी जाती है, आज यदि कोई बिहार कहता है तो हमें खुशी ज़रूर होती है लेकिन यदि कोई मैथिल या मिथिलावासी कहता है तो हमें बहुत सम्मान और गर्व महसूस होता है कि हम जगत जननी माँ जानकी के क्षेत्र से हैं।

मेरे पास कुछ सुझाव हैं जो मैं रखना चाहता हूँ। माननीय प्रधान मंत्री जी की एक बहुत अच्छी योजना है प्रधान मंत्री सिंचाई योजना। उस सिंचाई योजना के माध्यम से जहाँ जहाँ पर सुखाड़ होता है, वहाँ पर बराबरी से सिंचाई हो, उसको लेकर उन्होंने बड़ी अच्छी योजना शुरू की है। जिस प्रकार से प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत हुई थी और हरेक गाँव को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली बात हुई थी, उसी प्रकार से यह योजना भी माननीय प्रधान मंत्री की तरफ से शुरू की गई है। हरेक साल, चाहे सूखा भी हो, तब भी मिथिलांचल क्षेत्र में बाढ़ आती ही है क्योंकि किसी न किसी नदी में कहीं न कहीं जब बरसात होती है तो तराइयों से निकलता हुआ पानी यहाँ आता है। बाढ़ का एक कारण यह भी है कि पानी आया और वहाँ से गाद नहीं निकाली गई, डीसिल्टिंग नहीं हो पाई है, इसलिए नदी और ज़मीन दोनों का लैवल बराबर हो गया है। उस बराबर लैवल होने के कारण हल्की बारिश भी हुई तो वह पानी घूमकर अंदर क्षेत्रों में घुस जाता है और हमारी स्थिति खराब होती है। इसलिए आवश्यकता है कि वाल्मीकि नगर से लेकर किशनगंज तक में एक बड़ी नहर को बनाया जाए जो इन नदियों पर रहे और उसमें से अलग-अलग नहरों को निकाला जाए जिससे वह क्षेत्र में जहाँ-जहाँ सुखाड़ होता है, एक तो नियंत्रण होगा कि बाढ़ पूरी तरह से नहीं आएगी, उसको रोकने में हम कामयाब होंगे। साथ ही साथ उनके माध्यम से हम जगह जगह पानी को ले जा सकते हैं और जहाँ सूखा है, वहाँ हम पानी पहुँचा सकते हैं।

अंत में मैं कुछ सुझाव देकर अपनी बात खत्म करूँगा। एक बड़ी अच्छी योजना इंटरलिंकिंग ऑफ रिवर्स की योजना है। माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय में नदियों को जोड़ने की योजना शुरू हुई थी। कई नदियाँ सूखी रहती हैं, कई नदियों में बाढ़ आती है, कई नदियों में गाद भरी रहने के कारण से हल्के पानी के कारण से भी पानी ऊपर से उफनकर ज़मीनों पर जाता है। इसलिए इंटरलिंकिंग ऑफ रिवर्स से जो पानी बरबाद होकर समुद्र में चला जाता है, उसको बचाया जा सकता है। लोग कहते हैं कि यदि तीसरा विश्वयुद्ध होगा तो वह पानी को लेकर होगा। इंटरलिंकिंग ऑफ रिवर्स की जो योजना थी, जो माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सोच थी, सरकार उसके ऊपर देख रही है। मैं यह चाहूँगा कि कम से कम उन क्षेत्रों में यह सबसे पहले की जाए जहाँ आवश्यकता है। मुझे मालूम है कि बिहार से अभी तक इन नदियों को जोड़ने के लिए कोई योजना नहीं मिली, लेकिन मैं चाहूंगा कि केन्द्र सरकार इसको अपने ऊपर ले और यह मिथिला की भूमि, यह पूर्वांचल ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Please conclude.

...(*Interruptions*)

SHRI KIRTI AZAD : I am just concluding within a minute. केन्द्र सरकार इसको करे जिससे हम कम से कम नदियों को जोड़ें और आगे काम हो सके।

सभापति जी, हमारी बहन उधर से बैठी हुई बोल रही थीं। मैं उनसे यह कहूँगा कि बाढ़ का राजनीतिकरण न करें। बाढ़ सबको बराबर प्रभावित करती है। ...(व्यवधान) मैंने तो केवल इतना कहा कि राजनीतिकरण न करें, वे तुरंत उठ गए। ...(व्यवधान) मैं अपनी बात कनक्लूड कर रहा हूँ। सभापति जी, आपने एक मिनट समय दिया है, मैं कनक्लूड कर रहा हूँ। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please sit down.

...(*Interruptions*)

श्री कीर्ति आज़ाद : मैंने कहा राजनीतिकरण न करें, एक साथ आएँ। आप बिहार की बहू हैं, आप बिहार आई हैं। हमें प्रसन्नता होगी कि बहू बहू की तरह रहकर काम करे, हमें अच्छा लगेगा। ...(व्यवधान) 1953 में माननीय जवाहर लाल नेहरू जी हवाई जहाज़ में चीफ इंजीनियर सीपीडब्लूडी के साथ हमारे यहाँ गए थे लेकिन जो डैम हमारे यहाँ बनना था, वह भाखड़ा नंगल में बन गया। हमारे लोग आज ग्रसित हैं।...(व्यवधान) अब मुझे बोलने नहीं दे रहे हैं तो मैं क्या बात करूँगा? I am talking about all of us, I am not doing anything wrong. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

...(*Interruptions*)

श्री कीर्ति आज़ाद : दूसरी तरफ अस्पतालों की स्थिति है। सबसे पहली बात है कि हमारे बिहार में अस्पताल हैं ही नहीं। अस्पताल हैं तो डाक्टर नहीं हैं, डाक्टर हैं तो दवा नहीं है और अगर दवा है तो वह एक्सपाइरी मैडिसिन है। यह बिहार के अस्पतालों की स्थिति है। सर्पदंश की दवा नहीं मिलती। वहाँ चूना गैमैक्सिन डालने के लिए नहीं मिलता। वहाँ लोगों को जो अलग अलग हैज़ा या दूसरी बीमारियाँ होती हैं, उसके लिए दवाइयाँ नहीं मिलतीं। लोगों को बांध के ऊपर रहना पड़ता है, क्योंकि उनका घर पूरी तरह से पानी में डूबा होता है। वे बीमारियों से ग्रसित रहते हैं।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now. You have already taken 15 minutes.

...(*Interruptions*)

श्री कीर्ति आज़ाद : मैं सुझाव देना चाहता हूं कि केंद्र सरकार इस बारे में गंभीरता से सोचे। इंटर लिंकिंग का बहुत अच्छा कार्यक्रम शुरू किया है, प्रधानमंत्री जी की बहुत अच्छी योजना " प्रधानमंत्री सिंचाई योजना " है। मेरा अनुरोध है कि उत्तर बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र में इस कार्य को सबसे पहले किया जाए।

16.00 hrs

SHRIMATI P.K. SHREEMATHI TEACHER (KANNUR): Thank you, Sir. Hon. Members have described the serious situation that we are facing in different parts of our country due to natural calamity. Natural calamity, in real terms, is a natural disaster, which is brought about by change in natural phenomenon, and the extent of loss experienced is dependent on the vulnerability of the population. This calamity, no matter natural or man made, has caused immense damage to life and property, and it would take a long time to cushion people from the aftereffects of such happenings; bring back everything to normalcy; and also to rehabilitate the people.

India has been a victim to every form of destruction by nature, namely, droughts, floods, famines, earthquakes. To some extent, the exploitation of natural resources by man is also a cause for such calamities. Disaster only occurs when hazards come face to face with vulnerability. As such, when natural occurrences bring about damage and there are no causalities, then it is not referred to as natural disasters.

As we have seen, last year's disaster in Uttarakhand was aggravated by a large number of landslides, and it had caused huge loss of human life, property, etc., and the rehabilitation is still going on there. Similarly, it happened in Jammu and Kashmir, Vishakapattanam, Odisha, and it is happening all over India including my State of Kerala.

I do not want to describe all those serious situations prevailing everywhere in India, but I only want to place some demands before the Government of India. The people from the affected areas are not seeking any sympathy or kindness from the Government. They are expecting some financial assistance for their lives. So, I would urge upon the Government that the following steps may be taken by the Government of India immediately.

The package announced by the Prime Minister is insufficient, and the Central Government must come forward with a more comprehensive package, particularly for the rehabilitation of people who have been completely rendered homeless and face total uncertainty regarding their future.

Business, tourism and commerce sectors have been virtually decimated in the State, particularly, in Jammu & Kashmir and Vishakhapattanam. All of us know that tourism is a source of livelihood for lakhs of people in the valley of Jammu & Kashmir, particularly, in this season. Therefore, measures must be taken for revitalization of business and commercial activities while ensuring new employment opportunities for the youth.

Sir, much of the arable land has been devastated, cattle destroyed and all standing crops, virtually, were destroyed in the State, particularly in the Valley and in Visakhapatnam. Therefore, immediate concrete relief measures for the farmers and adequate compensation for the loss of standing crops must be announced.

There is a widespread feeling and anger amongst some sections of the people in the Valley, particularly on the fact that offers of foreign assistance to help the victims of this disaster are not being accepted by the Central Government. A clear statement from the Central Government on this issue is necessary to scotch unnecessary speculation on this score which can be very damaging for the objective of securing the confidence of the people in the Valley.

Sir, the representatives from my Party went to Kashmir and Visakhapatnam along with our Polit Bureau member and leader of our group in Rajya Sabha Shri Sitaram Yechury. I think he is the first Member of Parliament who visited the affected areas and seen the pitiable condition of people there.

16.06 hrs (Shri Hukmdeo Narayan Yadav *in the Chair*)

It was reported in newspapers that many elected representatives have not visited these places till now and that is very unfortunate. Even the Government officials have not visited these places to assess the serious condition and to review the extent of damage. In this situation, what should be the role of the Government? I would say that it was not prompt in its response. So, the point I want to mention is that immediate steps should be taken in Jammu and Kashmir, Visakhapatnam and in other places to help the victims of natural calamities. Thank you.

DR. RATNA DE (NAG) (HOOGHLY): Sir, natural calamities cannot be stopped by mankind irrespective of the latest technologies. Man can only get ready to face it and reduce its impact. Meteorological predictions are more or less accurate. Due to uneven growth or playing with nature has resulted in huge floods and droughts. A couple of years back, Uttaranchal faced the nature's wrath. This year, Kashmir faced it. It was devastating to look at the picture of flooding in Kashmir. It was unprecedented.

Of late, due to climate change and global warming, floods and droughts have become a recurring feature. Management of floods is a State subject, but States face financial problems. In dealing with providing relief and rehabilitation, when it comes to floods and droughts, States become hapless and helpless.

Coming to my State of West Bengal, last year too floods affected many districts resulting in paddy output drop by more than 30 per cent. West

Bengal has not only faced the brunt of floods, but also heat spell. In April-May, 2014, due to heat spell, jute cultivation in Bengal suffered heavily. There was a drought-like situation in April-May, 2014 specifically in 24 Paraganas. When rains are deficient, heat spell is around; at some other time, floods create panic, and people of West Bengal are put at high risk and great distress.

Added to this, West Bengal Government which is already in financial quagmire faced the daunting task of taking care of these natural calamities, floods and droughts. Why can the Central Government not take a realistic view of floods and droughts in affected States and give generous funds from National Calamity Contingency Fund and Calamity Relief Fund to ease the situation of the State, which is facing acute flood and drought situation?

I would like to suggest to the Central Government to set up a permanent monitoring cell in the Prime Minister's Office as floods and droughts are occurring one after another or are being witnessed simultaneously in different States of the country. I would also plead with the Central Government to have a review committee to undertake the realistic situation in those States which are affected by floods or droughts and report back to the Central Government in consultation with the State authorities so that States get enough funds to face the flood and drought situation.

National Disaster Response Fund should be used generously when it comes to West Bengal Government which is not financially sound. I would also urge the Central Government to see that more funds are allocated to the Rashtriya Krishi Vikas Yojana and other schemes to mitigate the situation of deficient rainfall in West Bengal.

An estimate 8.35 lakh population of West Bengal was affected during floods in 2013; West Bengal lost 112 lives in 2013 due to floods; and the total damage is to the tune of Rs. 4,114 lakh. When the Government of India is having the paraphernalia to study, analyse and act in advance, why is the Central Government not taking appropriate steps to address floods and droughts, well in advance, by extending data or information or by allocating funds to attend to the after-effects of droughts and floods?

Being an agricultural country, more than 60 per cent of our population is dependent on agriculture. Farmers face the brunt in the event of floods or droughts. The Government should announce waiving of loans in the event of natural calamities.

In the end, I would like to summarise a few important points. There is an urgent need to take preventive measures to face floods. Efforts should also be undertaken to ensure full utilization of flood water. Erosion of arable land by floods is a major problem which needs to be addressed by the Central Government on war footing.

Sir, will an action plan be put in place at the Centre as well as the State level which should be reviewed at regular intervals? Losses incurred by floods and droughts by States should be adequately compensated. An expert body should conduct study on floods and droughts and come out with remedial measures and recommendations to be followed by the Centre and States in letter and spirit.

Our Government in West Bengal headed by Chief Minister Kumari Mamata Banerjee has been doing outstanding work with limited financial resources for the poor and disadvantaged people of the society. We would strive harder in future too, to see that the common man is not affected by floods and droughts.

Thank you Sir.

SHRIMATI KOTHAPALLI GEETHA (ARAKU): Thank you hon. Chairman for giving me an opportunity to speak on natural calamities.

Sir, there is no country in this world which is immune from natural calamities, though the vulnerability of such disaster may vary from time to time and place to place. The disaster for which India is more prone are basically floods, hurricanes, landslides, fires, tsunamis and of course, cyclones. These disasters interrupt essential services such as healthcare, electricity, water transportation and communication and cause a hindrance to the public life.

Sir, I stand in this august House with the fresh memories of the Hudhud cyclone which hit my area - north coastal Andhra Pradesh and particularly, the four districts of Vishakhapatnam, Vizianagaram, Srikakulam and East Godavari which form a part of my constituency. The cyclone has created a devastating situation all over the place. Today, it is recorded as the third highest intensity cyclone storm out of the 505 storms that developed in either Bay of Bengal or in the Arabian Sea since 1891. The damage caused has not only changed the landscape of the port city but also made it the first city in the world which is directly hit by a cyclone as per 1891 records of IMD. My senior colleagues have already mentioned the figures that the people have suffered the losses. I would not like to say the same things but I thank the hon. Chief Minister for being physically present when the situation occurred and monitored the relief activities himself. I also thank the IMD for forecasting this cyclone and this forecast has prevented a lot of life-loss and we really thank the IMD for its support. There are four stages of this disaster namely, prevention, preparedness, relief and the last part is recovery.

When it comes to prevention, natural calamities are God made disasters. So, most of the disasters cannot be prevented. As far as preparedness is concerned, I draw the attention to my own State where the Chief Minister has instructed all the education institutions to be closed, the National Highway to be closed and all the public life was interrupted from moving out of their houses. So, this actually saved the lives of many people today. We could actually prevent a lot of loss to the particular cyclone-hit areas. Regarding the preparedness, I would, through you, want to convey the message that the IMD forecast should be taken very seriously by the people. This would also prevent the loss. Some girls were staying in the hostels. They were not given holidays. The hostels did not have water and food. The girls suffered miserably for two, three days. The parents of the children were asking for help. But, we could not move from the area because the entire city was hit very badly. The garbage was on the road; the trees were on the road and the public transport was interrupted. Whenever the IMD instructs certain things, the Government takes it very seriously. I wish the people also should react on this and take the situation very seriously.

Regarding the relief activities, we have formed many Relief and Rehabilitation Centres wherein people were moved. The facilities at the Rehabilitation Centres, as some of my colleagues have said, were very bad. Because of that, a lot of people suffered. Many people died in the relief camps also.

Today, I would like to bring to the notice of the Government that the National Disaster Management Authority has to be pro-active in this regard. I have gone through the *Times of India, New Magazine* that the Disaster Management is going to be reconstituted. The Prime Minister of the country is the Chairman. There will be five Members. The Home Ministry has put up a proposal saying that five members will be the part of the NDMA. They will only be technical Members. I would support this cause. If the NDMA is constituted with the technical team, it would be useful for the entire nation. The State Disaster Management Authority has to be guided in such a way that they will be fully equipped to tackle this disaster. I would thank you very much for giving me this opportunity.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): सभापति महोदय, आपने मुझे नियम 193 के तहत गंभीर विषय पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

एक प्राकृतिक आपदा एक प्राकृतिक जोखिम का ही परिणाम है, जैसे ज्वालामुखी विस्फोट, भूकंप या भूस्खलन, जो मानवीय गतिविधियों को प्रभावित करते हैं। मानव दुर्बलताओं के कारण आपातकालीन प्रबंधन के अभाव, इन कष्टों को और भी बढ़ा देता है, जिसकी वजह से मानव को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। परिणामस्वरूप होने वाली हानि निर्भर करती है कि जनसंख्या आपदा को बढ़ावा देने का विरोध करने की क्षमता कितनी है। जब जोखिम और दुर्बलता का मिलन होता है तब दुर्घटनाएं घटती हैं। जिन इलाकों में दुर्बलताएं निहित नहीं हैं, वहां एक प्राकृतिक जोखिम भी आपदा में तब्दील नहीं होती है। जैसे - निर्जन प्रदेश में अगर भूकंप आता है और मानवीय भागीदारी वहां नहीं होती है तो जोखिम या आपदा वहां बनती नहीं है। प्राकृतिक जोखिम किसी ऐसी घटना के घटने की संभावना को कहते हैं जिसमें मनुष्य अथवा पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता हो। कई प्राकृतिक खतरे आपस में संबंधित हैं, जैसे - भूकंप सूनामी लाते हैं तो सूखा सीधे तौर पर अकाल, भूखमरी और बीमारियां पैदा करता है। वर्ष 2004 में हिन्द महासागर में आया भूकंप, इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा भूकंप है। इस भूकंप के कारण आई भीषण सूनामी में करीब 229000 लोगों की जानें गईं। हुदहुद से 24 मौतें हुईं और दर्जन भर जिलों को बुनियादी ढांचे को भारी क्षति पहुंची। पुणे के गांव में भी लोग मारे गए। जम्मू-कश्मीर में बाढ़, आंध्रप्रदेश और ओडिशा में चक्रवात तथा पुणे में भूस्खलन से आई इन प्राकृतिक आपदाओं से अपार क्षति हुई है। इससे जान और माल की क्षति तो हुई फसलों की बर्बादी भी सम्मिलित है। आपदाओं के कारण पिछले साल 21.40 लाख लोग विस्थापित हुए। घाटी में बाढ़ से एक लाख करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। मौजूदा आपदा प्रबंध प्रणाली को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 बनाया गया था। इस अधिनियम में आपदा प्रबंधन से संबंधित समस्त योजनाओं को तैयार किया गया और उनके क्रियान्वयन पर निगरानी रखने का संस्थागत ढांचा खड़ा किया गया। बचाव और राहत सहित आपदा प्रबंधन की जिम्मेदारी वैसे तो राज्य सरकारों की है, लेकिन भारत सरकार इस स्थिति से प्रभावी रूप से निपटने के लिए राज्य सरकारों की मदद करती है, सहायता पहुंचाने का प्रयास करती है।

मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी तथा गृह मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने विशाखापटनम का दौरा किया, प्रभावित राज्यों के मुख्य मंत्रियों से बातचीत की। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु आवश्यकता है तो सिर्फ इस बात की कि पूर्व चेतावनी प्रणालियों को सुदृढ़ किया जाए तथा गंभीर आपदाओं से निपटने के प्रभावी प्रयास किए जाने चाहिए।

सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र में लगभग दस वर्षों से प्रति वर्ष 20 और 30 मार्च के लगभग भयंकर ओला वृष्टि होती है। मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि सरकार आकलन करे कि ऐसा प्रति वर्ष क्यों हो रहा है। जैसे नियति ने यह तय ही कर लिया है कि इस क्षेत्र की फसलें तबाह करनी ही हैं। यह वह समय होता है जब फलियों के अंदर दाने पड़े होते हैं, दाने पकने की तरफ अग्रसर होते हैं। इससे सब्जियां, फसलें बर्बाद हो जाती हैं, पशु मर जाते हैं, घर तहस-नहस हो जाते हैं।...(व्यवधान) जिनका जीवन-यापन ही खेती या पशुपालन है, उनके लिए यह कहर कितना बड़ा होगा, यह वही आदमी जान सकता है जिसने यह आपदा झेली है। कहते हैं -- 'जिसके पैर न फटे बिवाई वह क्या जाने पीर पराई।'

मैं आपके माध्यम से यह बात प्रधान मंत्री जी तक पहुंचाना चाहती हूं कि ओला वृष्टि को प्राकृतिक आपदा में सम्मिलित किया जाए, किसानों की मदद की जाए और भारत सरकार राज्य सरकार को भरपूर मदद दे। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए पुन: आपका आभार व्यक्त कर रही हूं।

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): सभापति महोदय, पिछले कुछ सालों से देखा गया है कि देशभर और दुनियाभर में प्राकृतिक आपदाएं पहले से ज्यादा बढ़ गई हैं, वह चाहे जम्मू कश्मीर में हो, आंध्र प्रदेश में हो, ओडिशा में हो, असम में हो या मेघालय में हो। हमने इसी वर्ष देखा है कि जब हुदहुद साइक्लोन आया तो आंध्र प्रदेश में चार जिले और एक लाख से ज्यादा लोग बेघर हुए। ओडिशा में पन्द्रह जिले अफैक्टेड हुए और लगभग ढाई लाख लोग अफैक्टेड हुए। जम्मू कश्मीर में दस जिले और ढाई लाख परिवार बेघर हुए। असम में तेइस जिले और चार हजार से ज्यादा गांव अफैक्टेड हुए। यह कहा जा सकता है कि वर्ष 2014 में लाखों परिवारों के लिए अच्छे दिन नहीं आए हैं। आज जब प्राकृतिक आपदाएं आती हैं तो सबसे ज्यादा प्रभाव किस पर पड़ता है - गरीब, ट्राइबल लोगों, महिलाओं, बच्चों और बूढ़ों पर पड़ता है। बूढ़े लोगों को समय पर दवाई नहीं मिलती, बच्चों को कपड़े नहीं मिलते, महिलाओं को औषधि नहीं मिलती, खाने की सामग्री नहीं मिलती। यहां जितने सांसद हैं, हमारा समय इसी चर्चा में चला जाता है। आज कश्मीर में छः रिलीफ कैम्प हैं और जम्मू में तेरह रिलीफ कैम्प हैं। प्रधान मंत्री जी ने एक हजार करोड़ रुपये के रिलीफ पैकेज की घोषणा की। क्यों जम्मू कश्मीर में घोषणा की, अन्य राज्यों में क्यों नहीं की, यह सब आप जानते हैं। लेकिन आज जब प्रधान मंत्री जी जम्मू कश्मीर के जिलों के दौरे पर हैं, क्या वे रिलीफ कैम्प में जा रहे हैं? क्या वे देख रहे हैं कि हजार करोड़ रुपये के रिलीफ पैकेज का इम्प्लीमैंटेशन हो रहा है?

क्या वे उन स्कूलों में गए हैं, जिन स्कूलों में पानी आ गया है, बच्चे पढ़ नहीं पा रहे हैं, क्या उन बूढ़ों के हाथ उन्होंने देखा है, जिन्हें समय पर दवाई नहीं मिलती। सिर्फ राजनीति करने से हम देश को प्राकृतिक आपदा से बचा नहीं पाएंगे। आज प्राकृतिक आपदाएं और बारिश के बीच में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। दुनिया भर की साइंटिस्ट कम्युनिटी कह रही है कि क्लाइमेज चेंज का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव बारिश पर पड़ेगा। पहले कहा जाता था कि भारत के लोगों के लिए बारिश एक तोहफा है, बारिश की तरफ हमारे किसान लोग देखते रहते हैं, लेकिन बारिश जो पहले एक तोहफा था, आज एक सजा बन गया है। जब किसानों को समय पर बारिश का पानी नहीं मिलता, तो उनकी साल भर की जो कठिनाई और परिश्रम है वह सब पानी में चला जाता है। असम के गांव में रहने वाले लोग बारिश के समय डरते हैं, बारिश आने से नदी का हाइट बढ़ जाएगी, नदी की हाइट बढ़ने से इरोजन के जरिए यह उनके गांव की जमीनों को खा जाएगी। कोस्टलाइन पर जो लोग रहते हैं वे डरते हैं कि बारिश के समय समुद्र का पानी उनके खेतो को उजाड़ देगा। शहर में रहने वाले लोग डरते हैं कि जब ज्यादा बारिश आएगी तो शहर में आर्टिफिशिएल फ्लड होगा। हमने मुंबई में भी देखा था गाड़ी और बसों में बैठे हुए लोगों को अपनी जान खोनी पड़ी, क्योंकि आर्टिफिशयल फ्लड के खिलाफ हमारा क्या मिटिगेशन है, हमारे पास इसके लिए कोई प्लान नहीं है। क्लाइमेट चेंज एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है।

प्रधानमंत्री ने टीचर्स-डे पर बच्चों से बात करते हुए कहा कि क्लाइमेंट चेंज नहीं है। यह कैसा मैसेज दे रहे हैं, पूरी सांइटिफिक कम्यूनिटी कह रही है कि क्लाइमेट चेंज एक मुद्दा है, डिजास्टर मैनेंजमेंट एक्सपर्ट कह रहे हैं कि क्लाइमेंचज चेंज से हम डिजास्टर को मिटिगेट कर सकते हैं। वही देश के प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि क्लाइमेंट चेंज जैसा कोई मुद्दा नहीं है। हम ब्यूरोक्रेट को क्या मैसेज दे रहे हैं? क्या यह सरकार इस पर सीरियस है? आदर्श ग्राम की बात करते हैं, लेकिन आदर्श ग्राम कैसे हो सकता है, जब हम अपने गांवों को बाढ़ से बचा नहीं पाते हैं, हम अपने गांव को इरोजन से बचा नहीं पाते, तो हम आदर्श ग्राम का निर्माण कैसे करेंगे? हम करोड़ों रुपये रिहैबिलिटेशन में खर्च करते हैं। करोड़ों रुपये हम प्लानिंग में खर्च क्यों नहीं कर सकते हैं? आज हम एनडीआरएफ की बात कर रहे हैं, हम सूखे की बात कर रहे हैं, आज गेहूं पैदा करने वाला किसान केन्द्र सरकार की तरफ हाथ फैलाए हुए देख रहा है। सूखे के समय गेहूं का दाम बढ़ाना चाहिए, केन्द्र सरकार ने प्रॉमिस किया था कि 50 प्रतिशत एमएसपी प्राइस को बढ़ाएंगे, लेकिन केवल 50 रुपये बढ़ाए, क्या हम ऐसे उनको बचाएंगे? आज असम फ्लड रिलीफ के ऊपर पॉलिटिक्स चल रहा है। एक हजार करोड़ रुपये जम्मू-कश्मीर को दिए गए। गृह मंत्रालय के मिनिस्टर साहब यहां बैठे हुए हैं, मैं उनसे पूछना चाहूंगा कि असम को आपने क्यों नजरअंदाज कर दिया? इरोजन को हम प्राकृतिक आपदा क्यों नहीं मानते? देश के 85 प्रतिशत क्षेत्र थ्रेट में है, 12 परसेंट रेवेन्यू डिजॉस्टर मैनेजमेंट में जाता है। क्यों नही हम मिनिस्टी ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट को एक सेपरेट मिनिस्ट्री बना दें। क्यों हम आर्मी पर निर्भर हैं? क्यों नहीं हम अपने एडिमिनिस्ट्रेशन की शक्ति बढ़ाते हैं। मिनिस्ट्री ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट का अलग मंत्रालय बनाएं, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री करें। क्लाइमेंट चेंज की बात आ रही है, प्रधानमंत्री उसका नेतृत्व करें। फ्लड रिलीफ के ऊपर राजनीति नहीं करें। असम के इरोजन मामले को एक नेचुरल डिजास्टर का दर्जा दें।

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : महोदय, राजनीति-राजनीति की बात होती है। आजादी के 67 साल में सदन में राजनीति नहीं हो रही है, तो हो क्या रही है, राजनीति ही हो रही है। अभी जो कश्मीर में एक लाख करोड़ रुपये की क्षति हुई है, आपकी सहायता ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। राजनीति नहीं किए हैं तो क्या किए हैं। इस सदन में बैठे हम लोग राजनीति ही तो करते हैं, क्या देश के सम्मान और देश के आम, गरीब के लिए यहां कोई दर्द सुनने वाला बैठा है? क्या कोई गांधी, भगत सिंह या सुभाष चन्द्र बोस जैसे नेता बैठे हैं क्या? इसीलिए मैं सिर्फ एक आग्रह करना चाहता हूं कि यह प्राकृतिक आपदा का सवाल उठा है, प्राकृतिक आपदा क्यों आती है? प्राकृतिक के साथ छेड़छाड़ कौन करता है? गरीब तो करता नहीं है, आम आदमी तो करता नहीं है।

जिस सरकार की नीयत सही न हो, वह नीति और पालिसी कैसे अच्छी बना सकती है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहूंगा कि भौतिकवादी सुख और पूंजीपतियों की खुशी के लिए प्राकृतिक स्रोत को समाप्त करने की तैयारी है, जैसे कोयला है। आप पहाड़ों में कोयले की स्थिति को देखिये। कोयले के लिए एक समय निर्धारित है, लेकिन जिस तरह से खदान का डेवलपमेंट किया जा रहा है, खदानों को बढ़ाकर प्राकृतिक स्रोत को समाप्त करने की बात हो रही है तो उससे प्राकृतिक आपदा ही आयेगी। मैं देश के बारे में सबसे बड़ी बात कहना चाहूंगा। ...(व्यवधान) मैं विषय पर ही आ रहा हूं। प्राकृतिक आपदा और हुदहुद की बात जब आती है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, आप उसी मिथला और कोसी के इलाके से हैं। कश्मीर की त्रासदी के बारे में सबको दर्द है। ओड़िशा, पुणे, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, असम आदि के इलाके बाढ़ से प्रभावित हैं, लेकिन आप सब बिहार की स्थिति के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। बिहार में कोसी की त्रासदी दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदी है। वहां मिथला के शिवहर से लेकर मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा आदि इलाके बाढ़ से पूरी तरह से प्रभावित होते हैं। यूपीए सरकार ने इस संबंध में 11 हजार करोड़ रुपये और छः महीने में एक सौ केजी अनाज दिया था। उस समय वहां की सरकार बीजेपी के गठबंधन से चल रही थी। वहां डेढ़ लाख हैक्टेयर जमीन उससे प्रभावित है। इस संबंध में हमने दिन-रात एक किया था। जब तक कोसी में सिल्टेशन का मामला सॉल्व नहीं होगा, जब तक बालू की गारत को नदियों से नहीं निकाला जायेगा तब तक आप कोसी को उस त्रासदी से कैसे बचा पायेंगे? आप वहां न तो बांध को ठीक कर पाये और न ही कोई और चीज कर पाये। वहां नहर और शहर पूरी तरह से समाप्त हो गया। आप वहां नहर के लिए पैसा नहीं देते हैं। नहर को बनाने के लिए आपके पास कोई योजना नहीं है। कोसी की त्रासदी, बाढ़ या प्राकृतिक आपदा से कैसे बचा जाये, इसके लिए सरकार के पास ठोस पालिसी होनी चाहिए, ठोस नीति होनी चाहिए। प्राकृतिक स्रोत को हम समाप्त न कर पायें, उसके लिए एक पालिसी होनी चाहिए।

मैंने कहा था कि आप नागपुर की तर्ज पर बिहार में नैशनल इंस्टीटयूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट क्यों नहीं खोलते? जबकि आप जानते हैं कि बिहार के तीन हिस्सों में हर साल बाढ़ आती है। जब वहां बाढ़ आती है, तब हम लोग हल्ला करते हैं, चिंतित होते हैं। जब किसान मरता है तब हम हल्ला करते हैं। किसान जब भूख से मरता है, तब हम वहां अनाज भेजते हैं। देश की विडम्बना है कि हम लोग यहां सिर्फ राजनीति करते हैं।

सभापति महोदय, मैं बिहार के बारे में कुछ कहना चाहूंगा। आप सभी जगह नदियों को जोड़ने की बात करते हैं। आप बिहार की कमला, गंडक, महानदी, कोसी आदि नदियों को जोड़कर कैसे एक सुन्दर बिहार बनाने की कल्पना करेंगे? आप बिहार को विशेष पैकेज का दर्जा नहीं दे रहे, लेकिन कम से कम आप बिहार को 3500 करोड़ रुपये दें, ताकि बिहार बाढ़ के मामले में मजबूत हो सके। कोसी और मिथला में हुदहुद के कारण जो स्थिति बनी, उससे वहां का किसान तबाह हो गया। वहां आपने एक पैसा नहीं दिया। इससे वहां का किसान और मजदूर तबाह हो गया। आपने न तो घर के लिए पैसा दिया, न आम आदमी की क्षतिपूर्ति के लिए पैसा दिया और न जानवरों की क्षतिपूर्ति के लिए पैसा दिया। बिहार में हुदहुद, प्राकृतिक प्रकोप या कोसी बांध द्वारा जो क्षति हुई है, उसके लिए क्या भारत सरकार कोई सहायता देगी? आप वहां हैल्थ सैंटर की कोई व्यवस्था नहीं कर रहे, बांध पर जो रोड बननी चाहिए, उसकी कोई व्यवस्था नहीं कर रहे।

सभापति महोदय, मैं दो प्वाइंट्स के बारे में मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं। आज देश में प्राकृतिक आपदा या जम्मू-कश्मीर के दर्द पर बातें हो रही हैं। जम्मू-कश्मीर में एक लाख करोड़ रुपये की क्षति हुई है। क्या कश्मीर को 1 लाख करोड़ रुपये देकर नया कश्मीर बनाने के लिए सरकार के पास कोई योजना है या सिर्फ इस चुनाव के लिए हमारे प्रधान मंत्री जी वहां गये और राजनीति करके आ गये? ...(व्यवधान) जो दर्द डॉ. मनमोहन सिंह जी के पास कोसी के लिए था। ...(व्यवधान) मैं चाहूंगा कि आप कोसी को उबारने के लिए ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री राजेश रंजन : मैं चाहूंगा कि बिहार के तीन हिस्से जो बाढ़ से प्रभावित होते हैं। ...(व्यवधान) मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : समय का अभाव है। आप कृपया अपनी बात समाप्त करें।

श्री राजेश रंजन : मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की बात कोसी के बारे में आई थी। राष्ट्रीय आपदा घोषित भी हुई। आपकी भूकम्प से निपटने की योजना है। आप भूकम्प जोन में क्या करना चाहते हैं?

अंत में, मैं यह जरूर कहना चाहता हूं कि प्राकृतिक आपदा के बारे में सदन में हम सब मिलकर कोई राजनीति न करें। हम मिलकर ठोस नीति बनाएं। हम मिलकर यह

सोचें कि कैसे भारत के लिए ठोस नीति बनाकर 120 करोड़ लोगों को प्राकृतिक आपदा से छुटकारा दिलाएं।

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लेने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। जब से इस विषय पर चर्चा हो रही है मैं तब से पूर्व वक्ता साथियों की चर्चा सुन रहा था। जहां पप्पू भाई ने अपनी बात खत्म की है, मैं वहीं से शुरु करना चाहता हूं। सभापति जी, आप वरिष्ठ सदस्य हैं, आप गवाह इस बात के हैं कि सदन में हर सत्र में इन मुद्दों पर चर्चा हुई है। लेकिन सवाल केवल चर्चा का नहीं है बल्कि सवाल यह है कि हमें देश में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए ठोस नीति बनानी चाहिए, स्थायी नीति बनानी चाहिए। मैं यह सदन में केवल आज ही नहीं कह रहा हूं, आदरणीय डॉ. राम मनोहर लोहिया बहुत पहले कहकर चले गए कि जब तक देश में सभी नदियों को नहीं जोड़ेंगे तब तक देश को प्राकृतिक आपदाओं से मुक्त नहीं करा पाएंगे। यह बात आज की नहीं है, 60-70 के दशक की बात है। सभापति जी, आप उस समय के गवाह हैं, उस समय हम इस सदन के सदस्य नहीं रहे होंगे।

सभापति जी, सदन में बहुत सी बातें कही गई। मैं सरकार से मांग करता हूं कि नदियों को जोड़ने का स्थायी इंतजाम किया जाए। मेरी सरकार से दूसरी मांग है कि मौसम विभाग को और प्रभावी बनाया जाए। सरकार तकनीकी जानकारी जुटाते हुए वैज्ञानिकों की सलाह पर बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के अमल करे। मेरी तीसरी मांग है कि प्राकृतिक आपदा चाहे कश्मीर में आए, चाहे बिहार में आए, चाहे ओडिशा में आए, चाहे आंध्र प्रदेश में आए, चाहे उत्तराखंड में आए या असम में आए, यदि आप केवल राज्य सरकारों के ऊपर जिम्मेदारी डालकर निपटना चाहेंगे तो इससे कभी नहीं निपट सकते हैं। देश के किसी भी हिस्से में संकट आता है तो भारत सरकार की स्वाभाविक और नैतिक जिम्मेदारी बनती है इसलिए भारत सरकार कभी इससे अपने आपको अलग न करे। ...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश अपनी नैतिक जिम्मेदारी को निभा रहा है, आप उत्तर प्रदेश की चिंता छोड़िए।...(व्यवधान)

सभापति जी, सत्ता पक्ष के कुछ साथी किसानों के दर्द के बारे में चर्चा कर रहे थे। हमें खुशी है कि भारतीय जनता पार्टी के लोगों को किसानों का दर्द है। हम भारतीय जनता पार्टी के लोगों को चुनावी वादे याद दिलाना चाहते हैं। उन्होंने जिसमें कहा था कि देश के किसानों को उनकी फसल की लागत का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देंगे। मैं सत्ता पक्ष के लोगों से पूछना चाहता हूं कि यह कब होगा? मैं यह सवाल बाद में उठा रहा हूं जबकि सरकार के लोगों ने पहले उठाया था।

जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है, चाहे सूखे का इलाका रहा हो, चाहे बाढ़ का इलाका रहा हो, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ने जी हर इलाके के लिए अपने स्तर पर प्रदेश सरकार के खजाने से जो राहत दे सकते थे, वह दी है और भारत सरकार से विशेष पैकेज की मांग भी की है। 73 लोग उत्तर प्रदेश से आए हैं, अगर वे पैकेज नहीं पहुंचा पाए तो जनता देख रही है, अभी उपचुनाव में सबक भी सिखा दिया है और आने वाले चुनाव में भी सबक सिखा देगी।

सभापति जी, यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। मैं सत्ता पक्ष से कहना चाहता हूं कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे को, संवेदनशील मुद्दे को राजनीतिक न बनाइए। अगर इसे राजनीतिक बनाने का प्रयास करेंगे तो आपके पास किसी सवाल का जवाब नहीं होगा। आप बिजली का सवाल उठाते हैं, आप कोयला नहीं देंगे, उत्तर प्रदेश के कोटे की बिजली नहीं देंगे और उसके बाद सदन में हंगामा करेंगे कि उत्तर प्रदेश में बिजली नहीं है। देश की जनता जानती है, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी को बहुमत दिया है वहीं सरकार बनाने के लिए जनता ने आपको भी बहुमत दिया है इसलिए लिहाज़ा आपकी भी जिम्मेदारी बनती है।

इसलिए हम इस विषय को बहुत ज्यादा लम्बा नहीं खिंचना चाहते हैं। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना की चर्चा सत्ता पक्ष के लोगों ने की, सभापति महोदय आप जानते हैं, किसानों के दर्द को आप समझते हैं, जिस देश के 60-65 फीसदी लोग और आबादी के हिसाब से तकरीबन 80 करोड़ लोग जो आज खेती-किसानी पर निर्भर करते हैं, उनके लिए एक हजार करोड़ रुपए राशि की सिंचाई योजना बना दी और आप उसकी तुलना प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना से कर रहे हैं। एक हजार करोड़ रुपए राशि की योजना से आप पूरे देश के किसानों की समस्या को दूर कर देंगे, इस देश के किसान गुमराह होने वाले नहीं हैं। देश के किसान देख रहे हैं कि बुलेट ट्रेन के लिए 60 हजार करोड़ रुपए दिये गये हैं, लेकिन किसानों की सिंचाई योजना को सिर्फ एक हजार करोड़ रुपए देना चाहते हैं। इस देश के किसान देख रहे हैं और आने वाले समय में वे जवाब भी देंगे। मेरा भारत सरकार के लिए एक विनम्र सुझाव है। इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करना बंद करें। यह कहना बंद करें कि हमने फलां जगह फलां काम किये। माननीय मंत्री जी महत्वपूर्ण यह है कि चाहे वह पूर्वोत्तर की समस्या हो, ओडिशा, आध्र प्रदेश जैसे समुद्री राज्यों की समस्या हो, चाहे बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों की बाढ़ की समस्या हो, चाहे कश्मीर की समस्या हो या उत्तराखण्ड की समस्या हो, इन सभी समस्याओं पर बिना किसी भेदभाव के पूरी गंभीरता से विचार करके जो वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, पर्यावरणविदों की राय हो, उसे स्वीकार करके एक सार्थक पहल करें, उसका हम लोग भी समर्थन करेंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री धर्म वीर गांधी (पटियाला) : सभापति महोदय, इस विषय पर बोलने से पहले मैं एक-एक लाइन में दो मुद्दों पर अपनी बात कहना चाहता हूँ। सबसे पहले बात यह है कि जब सभी पार्टियाँ, विपक्ष वाले और सत्ता पक्ष वाले बोलते हैं तो कहते हैं कि इस विषय पर अब राजनीति मत कीजिए और सभी लोग राजनीति कर रहे हैं। ह्युमैन ट्रैजडी पर राजनीति करना बुनियादी तौर पर गलत है। We should talk on facts and we should have suggestions to make. पर राजनीति वाली बात मुझे बिल्कुल अच्छी नहीं लगी। ...(व्यवधान) श्री आज़ाद जी ने मैडम के ऊपर कमेंट किया कि आप बिहार की बहू हैं, ऐसे जो पितृसत्तामक दिमागी चौखटे हैं, उससे बाहर निकलें। ...(व्यवधान) कम से कम इस हाऊस से यह आशा नहीं की जा सकती है कि ऐसे शब्दों का इस्तेमाल होगा। ...(व्यवधान) इससे यह होता है कि औरतों की जो भागीदारी है, उनका जो आत्मविश्वास है, उनको झुठलाया जाता है, उन पर हमला होता है, ...(व्यवधान) I disagree with Mr. Azad. He is not present here. पर ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए कि आप बिहार की बहू हैं। This is not the way of arguing in Parliament.

माननीय सभापति : कृपया आप प्राकृतिक आपदा के विषय पर बोलें।

श्री धर्म वीर गांधी : मैं प्राकृतिक आपदा के विषय पर आता हूँ। बस थोड़ा-सा मुझे कहना है कि जब से यह दुनिया अस्तित्व में आयी है, कुदरती आपदाएं आती रही हैं परन्तु पिछले कुछ दशकों में, खासकर इस दशक में भारत में और विश्व भर में इन आपदाओं की तीव्रता में, इंसीडेंस और इंटेंसिटी में बहुत वृद्धि हुई है। केवल इसी वर्ष में हमने 10 बड़ी आपदाएं हिन्दुस्तान में देख ली हैं- चाहे वह हुदहुद हो, चाहे कश्मीर की बाढ़ हो, चाहे असम की बाढ़ हो, चाहे बिहार की बाढ़ हो, मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहता। किसी भी आपदा से निपटने के लिए हमें चार चीजें चाहिए। वे हैं- रेस्क्यू, रिलीफ, रिहैबिलिटेशन और लांग टर्म प्लानिंग। जहाँ तक रेस्क्यू का ताल्लुक है, मैं ओडिशा सरकार, आध्र प्रदेश की सरकार और केन्द्र सरकार को शाबाशी देता हूँ। जहाँ ये चक्रवाती तूफ़ान आए हैं, इन दोनों सरकारों ने बहुत अच्छा काम किया है और लाखों लोगों को बचाया है। यह काम उन लोगों ने बखूबी अच्छा किया है। दूसरी बात है, रिलीफ के मामले में, तूफान के बाद जो लोगों की हालत होती है और उसके बाद जितने लोग घरों से विस्थापित होते हैं, उनके मामले में जो हमारा इंतजाम है, वह मुकाबलतन बहुत कम है। तूफान के बाद जो बीमारियाँ फैलती हैं, जो एपिडेमिक्स फैलते हैं, उनमें बहुत से लोगों की जान भी जाती हैं और

बहुत सारे लोग बीमारी से दुखी भी होते हैं। इस ओर हमारी व्यवस्था काफी कमजोर है। हमें इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

महोदय, तीसरा विषय रिहैबिलिटेशन है। यह मोस्ट नेगलेक्टेड पार्ट है। जब बड़े पैमाने पर तबाही होती है तो रिहैबिलिटेशन राज्य सरकारों के वश की बात नहीं होती है, उसमें केंद्र सरकार द्वारा इस बात को ध्यान में न रखते हुए कि कहां किस पार्टी की सरकार है, रिहैबिलिटेशन के लिए ज्यादा फण्ड्स दिए जाने चाहिए ताकि लोगों की जिन्दगी दुबारा पटरी पर आ सके और वे सामान्य रूप से जिन्दगी जी सकें। चौथा प्वाइंट है - लॉंग टर्म रिहैबिलेटशन, उसके लिए जो एनडीएमए है, जो आजकल हेडलेस बॉडी है और टूथलेस बॉडी है, मुझे खुशी है कि वैज्ञानिक लोगों को, जो अपने प्रोफेशन के माहिर लोग हैं, उनको आप उसमें ला रहे हैं। उसे ज्यादा दृढता देनी चाहिए। जो नेशनल डिफेंस रेस्क्यू टीम्स हैं, उनको भी ताकतवर बनाना चाहिए ताकि कहीं भी आपदा आने पर सारा देश एकजुट होकर वहां पहुंच जाए और हम इन कुदरती आपदाओं से बच सकें। इनमें से कुछ आपदाएं कुदरती हैं और कुछ आपदाओं में कुदरत और हमारी गलतियों का मिश्रण हैं, हमने कुदरत के साथ जो बदतमीजी की है, उसका मिश्रण हैं। जैसे चक्रवाती तूफान हैं, we do not have much to do there. जो ज्वालामुखी फटते हैं, भूकम्प आते हैं, हम उनमें कुछ नहीं कर सकते हैं, परन्तु जो बाढ़ और सूखा है, अगर हमारी इच्छाशक्ति हो तो इसमें ह्यूमन इंटरवेंशन और स्टेट इंटरवेंशन बहुत कुछ कर सकती है। हमें सरकारों और लोगों को जागरूक करना चाहिए। दरख्तों की जो कटाई होती है, जो माफिया लोग करते हैं, जिनको किसी न किसी पार्टी का संरक्षण प्राप्त होता है, जो लाखों की संख्या में दरख्त काटे जा रहे हैं, जंगल उजाड़े जा रहे हैं और बिना अनुमति के इंडस्ट्री लगाई जा रही है, उत्तराखण्ड में जो कुछ हुआ, उसे सब जानते हैं। इन बातों पर ध्यान दिए बगैर हम आपदाओं से पूरी तरह से मुक्ति नहीं पा सकेंगे।

श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया) : महोदय, पिछले सत्र में भी इस पर चर्चा हुई थी, बाढ़ के ऊपर चर्चा हुई थी और सूखे पर चर्चा करने का अवसर इस सेशन में आया है। प्राकृतिक आपदा के माध्यम से किसानों का जो नुकसान होता है, गरीबों के मकानों का नुकसान होता है और उनके जीवन उध्वस्त हो जाते हैं, ऐसी आपदाओं के बारे में हम क्या योजना बनाएं, उस पर यहां चर्चा होनी चाहिए थी। लेकिन यहां जो भी बोलता है, वह अपनी राजनीतिक भूमिका रखता है और उसमें चर्चा चलती रहती है।

सभापति महोदय, मैं आपको महाराष्ट्र के सूखे के बारे में बताउंगा। महाराष्ट्र में तकरीबन 19059 गांव सूखे की छाया में हैं। वर्ष 1972 में सबसे बड़ा सूखा आया था, तब महाराष्ट्र में 16014 गांव सूखे से प्रभावित हुए थे। इस साल एक करोड़ नब्बे लाख सूखे के इस संकट में फंसे हैं। आज महाराष्ट्र में औसतन तीन किसान आत्महत्या कर रहे हैं। महाराष्ट्र में सूखे की इतनी गंभीर स्थिति पैदा हुई है कि कई गांवों में पीने का पानी नहीं है, जानवरों को चारे की सुविधा नहीं है, कई गांव ऐसे हैं जहां लोग काम ढूंढने के लिए पलायन कर रहे हैं। महाराष्ट्र में पिछले तीन वर्षों से सूखा, अतिवृष्टि, हिमवर्षा और लोडशेडिंग की वजह से किसान कर्जे में डूब गए हैं। मैं सरकार से विनती करना चाहता हूं कि हमारे यहां के किसानों का कर्जा माफ करना जरूरी है। वर्ष 2007 में जब सरकार ने कर्जा माफी की थी, उस समय की सरकार ने जिन पर कोई कर्ज नहीं था, ऐसे लोगों के कर्ज माफ किए थे, आपके पास उसकी रिपोर्ट भी आई है। आज उसकी बारे में चौकसी है, लेकिन जिन किसानों पर कर्ज है, उनका कर्ज माफ करने की सरकार ने घोषणा की, उनका कर्ज माफ नहीं हुआ और आज किसान आत्महत्या कर रहे हैं, उसका पाप किसके ऊपर जाएगा।

सभापति जी, वर्ष 2001 से 2014 तक, महाराष्ट्र में 17075 किसानों ने आत्महत्याएं की हैं। पिछले छह महीने में 1410 किसानों ने आत्महत्याएं की हैं यानी 3 किसान रोज आत्महत्याएं कर रहे हैं। लोकशाही में, लोगों के लिए, काम करने की व्यवस्था होती है, लेकिन पिछली सरकार के गलत निर्णयों की वजह से ऐसी व्यवस्था निर्मित हुई है। महाराष्ट्र के किसानों द्वारा हो रही आत्महत्याओं को रोकने के लिए, महाराष्ट्र की सरकार ने, साहूकारी के विरोध में, असेम्बली में एक कानून पास किया था, लेकिन अभी तक उस कानून को मान्यता नहीं मिली है। आज भी साहूकारों द्वारा किसानों को लूटा जाता है, जिसके कारण किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं।

सभापति जी, महाराष्ट्र पिछले तीन सालों से सूखे से प्रभावित है। वहां के 18 जिलों में पीने के पानी का संकट पैदा हो गया है। सभापति जी, मैंने पहले भी कहा है कि जैसे जम्मू-कश्मीर की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया गया था, उसी प्रकार महाराष्ट्र में भी राष्ट्रीय आपदा घोषित करनी चाहिए, यह मांग मैं यहां करता हूं।

सभापति जी, स्वामीनाथन समिति की सिफारिश के बारे में भी बार-बार यहां चर्चा होती है। मेरा कहना है कि अगर किसानों को आत्महत्या करने से बचाना है, तो सरकार को स्वामीनाथन समिति की सिफारिशों को मानना चाहिए। अगर हम उन सिफारिशों को मान लेते हैं, तो देश के किसानों को हम लोग मुख्यधारा में ला सकते हैं। जो किसान हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है, वही आत्महत्या करे, यह देश के लिए उचित नहीं कहा जा सकता है। मैं मांग करता हूं कि आने वाले समय में, हमारे देश का किसान आत्महत्या न करे, उसके लिए सरकार के माध्यम से पूरे उपाय होने चाहिए। धन्यवाद।

डॉ. अरुण कुमार (जहानाबाद) : माननीय सभापति महोदय, इस गंभीर चर्चा में बोलने के लिए आपने मुझे समय दिया, उसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। नेचुरल कैलेमिटी की जड़ में प्रकृति के साथ छेड़छाड़ है और बाजारवाद तथा भौतिक सुख की आकांक्षा के कारण लोग प्रकृति से छेड़छाड़ करने में कोई परहेज नहीं करते हैं। इससे बचने के लिए, हमें एक वातावरण का निर्माण करना होगा और प्रकृति के जितने करीब हम रहेंगे, उतना ही मानवता के लिए अच्छा होगा। यह ठीक है कि हम आपदाओं को रोक नहीं सकते हैं, लेकिन इसके तांडव के स्वरूप को कम तो कर सकते हैं। विज्ञान और सूचना प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में जो विकास हुआ है, जो क्रांति हुई है, उसके माध्यम से, हम इन आपदाओं को कंट्रोल कर रहे हैं, लेकिन इसके मैग्निच्यूड के विस्तार में प्रकृति की बड़ी भूमिका है। विकास का जो एक मानक होना चाहिए कि इस विकास से कितनी प्रकार की मानवीय वृत्तियों पर चोट पहुंचने वाली है, मानवीय जीवन पर प्रहार होने वाला है, यह विकास के मूल केन्द्र में होना चाहिए।

जिस स्तर का हुदहुद तांडव था, उसके हिसाब से ओडिशा की सरकार, आंध्र प्रदेश की सरकार, मौसम विभाग और भारत सरकार ने मिलकर इसमें होने वाली क्षति को कम करने की कोशिश की और इसमें बहुत हद तक सफलता भी मिली थी। लेकिन हमें इसके लिए लॉंग टर्म प्लानिंग करनी होगी। बिहार में, खास तौर से उत्तर बिहार के इलाकों नेपाल से आने वाली नदियों के कारण बाढ़ की स्थिति बनती है। लेकिन आज तक हमने इसका कोई परमानेंट सोल्यूशन नहीं बनाया है। निश्चित तौर से इन नदियों में सिल्टिंग हो रही है, जिसकी वजह से गांव से उन नदियों की ऊंचाई बीस से पच्चीस फीट ज्यादा हो गयी है। इसलिए इन नदियों की डीसिल्टिंग की जानी चाहिए। हमारे आचार और व्यवहार की वजह से सुखाड़ की स्थिति और पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है और काफी संकट पैदा हो रहा है।

महोदय, हम जिस खाद का प्रयोग आजकल कर रहे हैं, उसकी वजह से वॉटर रिटेनेंशन केपेसिटी घट रही है। आज जो डिफोर्सटेशन हो रहा है, उसकी वजह से भी वॉटर रिटेनेंशन केपेसिटी घट रही है। आज ज्यादातर नदियों का पानी समुद्र में जा रहा है। जल, जंगल और पहाड़ जिस तरीके से अव्यवस्थित हो रहे हैं, उसके लिए हमें एक लॉंग टर्म

प्लानिंग करनी होगी ताकि हमारा आज और संतति सुरक्षित हो। इन्हीं शब्दों के साथ आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER (PONNANI): Sir, this discussion under Rule 193 is more significant and vital. I am thankful to you for giving me this opportunity to participate in this very important discussion.

Natural calamities, whether it is cyclone, tsunami, floods, earthquake, accidents, sea erosion, lightening, as we all know, are playing havoc resulting in huge loss of life and property. In some calamities, the damages are reparable to some extent, but in some other calamities the damages are irreparable. So, it is our national responsibility to control these kinds of disasters. Disaster management is the duty of the nation.

There are different components to disaster management. As correctly pointed out by learned friends, prevention, mitigation, risk reduction, developing adequate preparedness to deal with disasters, ensuring proper response, evacuation, rescue and relief measures, ensuring recovery, reconstruction, and rehabilitation are some of them. So, we have to concentrate on these components and do the maximum possible in this.

I wish to say one more thing. In the past, our disaster management team made a tremendous impact. I, from the bottom of my heart, express my congratulations for the marvellous job done by them in tackling these kinds of disasters. The country should be thankful to them.

Coming to the laws pertaining to this, we have Disaster Management Act, 2005; Environmental Protection Act, 1986; Hazardous Waste Management and Handling Rules, 1989; Hazardous Chemicals Rules, 1989. All these laws are there. I would request the Government to bring in adequate amendments to these laws pertaining to disaster management.

Coming to other institutional framework, policy making, disaster response, and capacity building have to be reviewed and we have to make adequate reforms with regard to them also.

17.00 hrs.

We have got past experience. In the light of the past experience, we have to think what best we can do in improving the system. So, that is to be discussed threadbare.

There is another important thing which I wish to point out. As far as Kerala is concerned, it is facing lightning and sea erosion. In our State, there are near about 600 kms. of coastal belt. Sea erosion takes place not only in Kerala but also in different parts of India. Sea erosion and lightning is not included in the list of disasters. So, that is to be included. Then only at least compensation can be claimed. I hope the Government will seriously think of that.

Sir, the recommendations of various bodies are there such as the Task Force constituted by the Central Government; the Disaster Management Act, 2005; the C&AG's Report, 2013; the recommendations of the Standing Committee on Home Affair, 2014. They have all made very effective recommendations in this respect. I hope the Government will give due consideration for that also.

In respect of the National Disaster Management Authority, some of my learned friends have stated about it. This is to be revamped. I am of the opinion that the National Executive Committee under this is to be abolished because its power is now not exercised properly. Its functions could be taken over by the National Crisis Management Committee and the NDMA.

Similarly, about execution of the projects, I would like to say that it is in a very bad shape. Out of the 10 projects which were recommended to be taken up by the NDMA during the Eleventh Five Year Plan, four were yet to be approved as of February, 2014. Out of the remaining five projects which were approved, one project, that is, the Micro-zonation of Major Cities, has been completed. The remaining four are under various stages of implementation....(*Interruptions*)

Sir, towards the end, I wish to say one more thing. That is about the man-made calamities. About the man-made calamities, let me say in just one sentence.. Actually what is it that we are doing? Man is cruel to air, soil, water, etc. So, unless and until we stop and put an end to the man-made calamities, we will not be able to save the world and we cannot be free from disasters.

With these few words, I conclude. Thank you very much.

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) : सभापति जी, आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। अपनी बात आगे बढ़ाने से पहले मैं यह कहना चाहता हूँ कि कई सदस्यों ने कहा कि इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और सबने राजनीति की है। प्राकृतिक आपदा पर राजनीति से हट कर सेवा का क्या भाव होना चाहिए यह हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने कश्मीर की प्राकृतिक आपदा में कर के दिखाया और कैसे प्राकृतिक आपदा में संवेदनशील हो कर सेवा करने से लोगों का मन बदल जाता है, यह पूरे देश और दुनिया ने देखा। इसके लिए हमारे प्रधान मंत्री जी बहुत ही बधाई के पात्र हैं। आज इस अवसर पर मैं आपको यह जानकारी देना चाहूंगा कि हुदहुद तूफान से देश के जिन-जिन भागों की चर्चा आई, उसमें उत्तर प्रदेश की चर्चा बहुत कम आई। मान्यवर मैं यह बताना चाहता हूँ कि हुद-हुद का कुप्रभाव बिहार सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश और मध्य उत्तर प्रदेश तक पड़ा है। हूद-हूद के प्रभाव से बिहार मे भी तीन मौंते हूई। हूद-हूद के प्रभाव से उत्तर प्रदेश में भी भारी तबाही हूई। हूद-हूद से 18 मौतें उत्तर प्रदेश

में हुई हैं। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, देवरिया, मिर्जापुर, भदोही, बलिया, गोरखपुर, आजमगढ़, बस्ती आदि इन सब में इसका प्रभाव रहा। यहां तक कि लखनऊ में हवाई जहाजों की लैण्डिंग भी प्रभावित हुई और ट्रेनें भी प्रभावित हुई। यह जो हुद-हुद का प्रभाव रहा, इस पर हम इस चर्चा के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहेंगे। हमारे चंदौली में एक गांव जनौली में छह बच्चे मढ़ई के गिरने से घायल हो गए। महोदय, हुद-हुद के प्रभाव से हमारे गाजीपुर के गांव में खुद की बाउंड्री और पेड़ गिर गए। पूरे उत्तर प्रदेश के कोने-कोने तक इसका प्रभाव रहा है। आज की चर्चा में मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि इसके संग जो दैवीय आपदा का पक्ष है, इस पर उत्तर प्रदेश, बिहार के इलाकों का संज्ञान लिया जाए और उनमें भी मदद का भाव रखा जाए। इस बीच में जो सबसे आवश्यक बात मैं यह कहना चाहता हूँ कि यहां पर दैवीय आपदाओं के संदर्भ में जो सहायता राशि देने का प्रावधान है, उस पर पुनर्समीक्षा किए जाने की जरूरत है।

17.05 hrs. (Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

आज प्राकृतिक आपदा, चक्रवात, तूफान से प्रभावित किसानों की लेखपाल बड़ी मिन्नत के बाद जाँच करता है और उस जाँच के बाद जब वह रिपोर्ट देता है तो कभी-कभी इतनी न्यूनतम राशि की मदद मिलती है कि उस मदद को लेने में किसान और प्रभावित आदमी संकोच का अनुभव करता है। वह बैंक जाने से हिचकता है कि ढाई सौ, तीन सौ रूपए का चेक लेकर मैं क्या करूँगा? इन परिस्थितियों में इसके पुनर्मूल्यांकन की जरूरत है।

मेरे पास पिछली संप्रग सरकार के समय का एक नोटिफिकेशन है। मैंने इसमें देखा, यह 28 नवंबर, 2013 का है, इसमें समीक्षा करके प्राकृतिक आपदाओं में जो राशि देने की बात कही गयी है, ऑनरेबल डिप्टी स्पीकर महोदय, आपके प्रति सम्मान के साथ कहना चाहूँगा कि इस पर ध्यान लाएँ कि यह जो प्राकृतिक आपदाओं में चालीस रूपए एडल्ट को और चाइल्ड को तीस रूपए राहत कैंप में राशि का प्रावधान है, यह संप्रग सरकार के समय का निर्णय है। मैं सदन के माध्यम से अपनी सरकार से अनुरोध करूँगा कि इस पर पुनर्समीक्षा करें। चालीस रूपए में राहत कैंप में दिन भर में दो समय का भोजन एडल्ट को और तीस रूपए में बच्चों का भोजन देना सम्भव नहीं है।

प्राकृतिक आपदा में जो परिस्थितियां बनती है, उसमें सारा चारा सड़ जाता है।जो भी पशुओं का चारा है, जो उसका भूसा और खली है, सब बर्बाद हो जाता है। सरकार की तरफ से जो प्रावधान है, उसमें बड़े एनीमल के लिए पचास रूपए पर-डे का है और पच्चीस रूपए छोटे एनीमल के लिए है। आज पचास रूपए बड़े एनीमल को, गाय को, भैंस को कोई भी किसान नहीं खिला सकता है। जब बाढ़ और तूफान आता है, तो उस समय तो उसके दाम और दूने चढ़ जाते हैं, इस नाते, इस पर भी पुनर्समीक्षा किए जाने की जरूरत है।

इस चर्चा में मैं उत्तर प्रदेश से जुड़े लोगों का ध्यान आकृष्ट कराना चाहूँगा, जो लोग सरकार चलाने से भी जुड़े हुए हैं, उनका भी ध्यान आकृष्ट कराना चाहूँगा। अखबारों में तो सरकार ने 54 जिले सूखाग्रस्त घोषित किए, सारे प्रदेश को अजीब तरीके से जानकारी दी जा रही है, अखबारों में यह घोषित किया गया कि 54 जिले सूखाग्रस्त हैं और प्रैक्टिकली जब भारत सरकार ने रिपोर्ट माँगी तो उसे बताया गया कि 44 जिले सूखाग्रस्त हैं। जनता वहाँ परेशान हो रही है। जनता समझ रही है कि हमारा जिला भी सूखाग्रस्त है। यह जो दोहरी नीति है, यह नहीं होनी चाहिए। यह प्राकृतिक आपदा का विषय है, केन्द्र सरकार को राज्य सरकार से स्पष्टीकरण और तथ्यों का अन्वेषण निश्चित रूप से करना चाहिए।

इसमें सबसे बड़ी बात है कि कोई क्षेत्र आज प्राकृतिक आपदा में सूखाग्रस्त घोषित हो गया, वहां फसल बर्बाद हुई, अनेक इलाके सूखे से बर्बाद हुए, धान की फसल बर्बाद हुई, रबी की बुआई का समय है, लेकिन जिला सूखाग्रस्त घोषित है। उदाहरण के रूप में हमारा बनारस है, चंदौली है, ये सूखाग्रस्त घोषित हैं, लेकिन किसान को खाद भी क्रेडिट पर साधन सहकारी समिति की ओर से नहीं दी जा रही है। उसकी राशि पेमेंट और भी विषयों का बाकी है। धान की बिक्री का उसे पूरा पेमेंट नहीं मिला है। वह क्रेडिट पर खाद से रबी की फसल न बो सके, तो किस बात का सूखाग्रस्त है?

मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि इन सारे विषयों पर ध्यान देने की जरूरत है। विशेषकर उत्तर प्रदेश को, हुदहुद तूफान से प्रभावित इलाकों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : महोदय, आपने मुझे चर्चा में भाग लेने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

देश के विभिन्न भागों तथा जम्मू और कश्मीर में वर्षा और बाढ़, आध्र प्रदेश और ओडिशा में हुदहुद चक्रवात और महाराष्ट्र में सूखे के विशेष सन्दर्भ में प्राकृतिक आपदाओं के बारे में नियम 193 के तहत आज सदन में चर्चा हो रही है। ऐसे मौके पर मुझे भी बोलने का मौका मिला है। हर वर्ष देश में विभिन्न तरह की प्राकृतिक आपदाएं आती रहती हैं। जम्मू और कश्मीर में आई भीषण बाढ़ की तबाही से जहाँ भारी जान-माल का नुकसान हुआ, वहीं देश के दूसरे छोर आध्र प्रदेश और ओडिशा में हुदहुद चक्रवात के तांडव ने देश को हिलाकर रख दिया। महाराष्ट्र भयंकर सूखे की चपेट में है। जहाँ किसान आत्महत्याएं करने पर मजबूर हैं। वहीं असम में ब्रहमपुत्र नदी पर हर साल हाहाकार मचाती रहती है।

महोदय, मैं बिहार से आता हूँ। बिहार राज्य भी अपनी विषम भौगोलिक संरचना के कारण हर वर्ष बाढ़ और सुखाड़ से परेशान रहता है। यहाँ कुल 68.80 लाख हैक्टेयर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है जो कि बिहार के भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 73 प्रतिशत, तथा देश के कुल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र - 400 लाख हैक्टेयर का 17.20 प्रतिशत है जो हर साल नेपाल से परेशान होता है। कोसी नदी, परमार नदी, महानंदा, मैसी, कन्काई आदि नदियों से आने वाले पानी में उत्तर बिहार के पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, कोसी, मिथिला, सुपौल, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज, सहरसा को बाढ़ का दंश झेलना पड़ता है। सीमावर्ती क्षेत्र से अत्यधिक ढाल के कारण नदियाँ अपने जलस्राव के साथ भारी मात्रा में गाद लाती हैं। उसके कारण नदियों का तल ऊँचा हो जाता है और नदियाँ अपनी-अपनी धाराएँ बदल देती हैं जिसके कारण बिहार को प्रतिवर्ष बाढ़ एवं कटाव के कुप्रभाव को झेलना पड़ता है। अतः मेरी गुज़ारिश है कि भारत सरकार नेपाल सरकार से बात करके इस समस्या का समाधान करे।

महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र नालंदा की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। अभी हाल ही में आई भीषण बाढ़ से जान-माल का काफी नुकसान यहाँ हुआ है। नालंदा ज़िले के 20 प्रखंड हैं जिसमें 15 प्रखंड बाढ़ की चपेट में थे। इस विभीषिका में करीब 150 से अधिक जानें गईं, लगभग 200 जानवर पानी में बह गए, लगभग 62 हज़ार हैक्टेयर में लहलहाती फसलें बरबाद हो गईं। 2092 कच्चे मकान गिर गए, 161 पक्के मकान गिर गए और पूरी तरह से बाढ़ की भेंट चढ़ गए। 410 पुल तथा 198 किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं, 150 तटबंध टूट गए। महोदय, बिजली के हज़ारों खंभे टूट गए और करीब 100 ट्रांसफॉर्मर ध्वस्त हो गए। मेरी सरकार से मांग है कि एक कमेटी बनाकर नालंदा संसदीय क्षेत्र की समीक्षा कराई जाए। राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों से राहत कार्य चला रही थी मगर प्रभावित किसानों को पर्याप्त फसल बीमा मुआवज़ा देने की ज़रूरत है। जिन लोगों के घर बाढ़ में बह गए हैं या क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उन सभी को पर्याप्त मुआवज़ा देने की आवश्यकता है।

महोदय, रोड, नाले, पुल, पुलिया, सारे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ऐसी परिस्थिति में मेरा आपसे अनुरोध है कि आपदा प्रबंधन को मज़बूत करके वहाँ मुआवज़ा देने की प्रक्रिया

शुरू कराई जाए। बहुत बहुत धन्यवाद।

SHRIMATI KAVITHA KALVAKUNTLA (NIZAMABAD): Hon. Deputy Speaker, Sir, thank you for giving me this opportunity. We have seen a great many discussions happening in this House both about flood and also about drought. But I would like to draw the attention of the Members, through you, to one serious issue that has not come to the notice of this august House. Particularly in the Northern part of our country, Uttar Pradesh, Bihar, Madhya Pradesh, Jharkhand, Delhi, Haryana, Rajasthan, Punjab and Himalayan States like Himachal Pradesh, Uttarakhand, Jammu and Kashmir, cold has just started. It is going to intensify in the coming days. Particularly in the past few years – our own Government data says this – between 2002 and 2012, as many as 10,740 people died from exposure to cold and severe avalanche. This is only second to the number of people who die out of lightening in our country. Out of lightening, about 27,338 people have died between 2002 and 2012. This is a calamity that none of us care. We only think about drought; we only think about floods; but nobody actually thinks about the poor and the destitute who cannot protect themselves from cold in these months. Unlike flood and drought, this is not an unpredictable scenario. This is a very predictable scenario. We know that these months are going to be very cold. We know that these States have a very severe environment but still we do not do anything serious about it.

Delhi Urban Shelter Improvement Board stated a month back that nearly 3500 homeless people have died due to severe cold in the last year. I do not think the figures will be any good this year. It is because, I unfortunately had an opportunity to visit one of these cold shelters that the Government runs in Delhi. It was very unfortunate. बेसिक हाइजीन भी नहीं है। There is nothing; there is no facility.

On that day when I went there, the Government authorities were distributing blankets. The way they were distributing blankets was like this. One blanket was cut into two halves and it was given to two people. In the cold of this month in Delhi, I do not see any chance of a person, a weakling surviving with a blanket. Sir, through you, I sincerely request the hon. Home Minister to give a serious consideration to this issue because it is a repetitive scenario. It is not new. Particularly, it is very shocking for me to know that there is no national scheme to help any of the States to come up with any innovative scheme or to have a permanent solution to this issue. If 10,000 people can die in the last 10 years, between 2002 and 2012, I believe this is a sincere issue of national concern, and I urge upon the Central Government, through you, Sir, that they should come up with a permanent solution.

Particularly, whenever winter sets in, the death toll starts to go up. Last time when there was Aam Aadmi Party Government in Delhi, they suddenly declared that they could make use of the Government buses which the Government does not use at night and that they can use them as cold shelter. Typically, these temporary solutions are not going to help. Kindly look into this matter of people dying out of cold. Particularly when we talk about these deathsâ€”and I have seen many of my colleagues talking about issues like, do not play politics with people's lives and all that--the people, who die out of cold, are faceless, homeless and poor. They do not have any religion. They do not have any caste. They do not have any political influence. That is why, maybe, we do not care. I have never seen this discussion coming up in Parliament. I suddenly stood up to talk today on this issue because I happened to visit that cold shelter and it is in an unfortunate situation. It is in a very bad condition. I am not sure if this is relevant to the discussion that is going on. But really, I would like to draw the attention of the entire House, and particularly, the Home Minister to consider this.

Today India aspires to be a super power and if we cannot save our poor and destitute people, I do not think we have any right to even aspire to become one. Thank you so much.

HON. DEPUTY SPEAKER: This is also a part of natural calamity. What she expressed is also relevant to the discussion. The Minister can very well take this point when he is replying.

ADV. JOICE GEORGE (IDUKKI): Thank you Chairman, Sir, for giving me this opportunity to participate in the discussion on a very serious issue of natural calamity and disaster.

As all of us know, every natural calamity is a disaster and that disaster is always a disaster, no matter whether it happens elsewhere in the world or in our nation, whether it is in the northern part of India or in the eastern part or in the southern part like Kerala. Everywhere it is a disaster.

Natural disaster occurs as a consequence of the combination of natural hazards and human activities. And, if that be the situation, all the natural hazards, whether it is volcanic eruption or earthquake or landslide or lightning, whatever it is, will take away the lives of the people in our nation. Disaster occurs when hazards meet vulnerability. Vulnerability factor is very important. Because of this vulnerability factor, our Government has always failed to address the issue of vulnerability in all the issues. Disaster will take away the ability of the people to cope with the hazards.

These repeated disasters threaten the sustainable development aspiration of our nation too. From this point of view, I would urge upon this House to note that in the past 20 years, 3000 million people were killed globally and one billion people were affected due to natural disasters. But regarding pre-disaster planning aspects, especially in our nation, we are lagging behind international standards. We have failed to address the issue of pre-disaster planning and management, especially in the matter of man made disasters and all that. We are having a lot of manmade disaster potentials all over the nation, especially in Kerala too. We must need to have a plan to address all these issues. But unfortunately, without resorting to proactive measures, we are always implementing things after the disaster has taken place. This is what is happening in our nation.

So, we should have some mechanism at least at the district level to address all these issues. We are talking about the national level authorities and all. But, at ground level, the reality is quite different because we are not having any coordination among the agencies, which are entrusted with the task of addressing this issue.

In my State, the task of disaster management is entrusted with the Revenue Department. On the other hand, the expertise in handling the equipment used in disaster management is with police personnel or with some other agencies. There is no proper coordination between these two agencies. So, in all situations, we should address the issue of disaster management in a proper manner.

The other important issue, which has already been raised before this august House, is about thunder and lightning. For the last 10 years, more than 27,000 people have lost their lives due to this. But, unfortunately, disaster caused by thunder and lightning is not enlisted in natural disaster management policy and thereby we are not in a position to get relief for it.

I also want to talk about man made disasters or potentials which may cause disasters. I represent Idukki parliamentary constituency in Kerala, where Mullaperiyar dam is situated. We have no quarrel in sharing water with Tamil Nadu. We are prepared to share it but we are only concerned about the safety of the people living there.

HON. DEPUTY SPEAKER: The matter is not connected with the subject under discussion.

...(*Interruptions*)

ADV. JOICE GEORGE : I urge upon the Central Government to intervene in this matter and have a consensus on it and thereby ensure the safety of the people living there. Thank you.

श्री दद्दन मिश्रा (श्रावस्ती) : महोदय, नियम 193 के अधीन जारी चर्चा में बाढ़, सूखा, हुदहुद तूफान जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आपने हमें अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए धन्यवाद।

माननीय उपाध्यक्ष जी, पिछले सत्र में भी इस सदन में बाढ़ और सूखे पर बहुत विस्तार से चर्चा हुई थी। हम लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखे थे। लेकिन, उस समय हमारे क्षेत्र में सूखे की स्थिति थी। दिनांक 14 अगस्त, 2014 को सत्रावसान हुआ और 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से आदरणीय प्रधान मंत्री जी का राष्ट्र के नाम भाषण चल रहा था। हम लोग भी आदरणीय प्रधान मंत्री जी के आह्वान पर वहां उपस्थित थे। उसी समय हमारे क्षेत्र से फोन आना शुरू हुए कि नेपाल की तरफ से बहुत तेज़ी के साथ पानी आ रहा है, तमाम गांवों में अचानक पानी घुस रहा है, फसलें तबाह हो रहीं हैं।

उपाध्यक्ष जी, उस समय हमने आनन-फानन में सारा कार्यक्रम कैन्सल करके, भाग करके जब हम अपने क्षेत्र में पहुंचे तो श्रावस्ती जनपद के मुख्यालय का शेष दुनिया से संपर्क कट चुका था। जनपद मुख्यालय को जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग मुख्य मार्ग से कट कर नदी की धारा में तब्दील हो चुका था। लोग हम लोगों से गुहार लगा रहे थे कि किसी तरह से हम लोगों को यहां से निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाइए। लोग घरों की छतों पर, छप्परों पर, पेड़ों पर शरण लिए हुए थे। हम लोग प्रशासन से लगातार गुहार लगाते रहे। प्रशासन हमें आश्वासन देता रहा कि नाव, मोटर बोट वगैरह मंगा रहे हैं, लेकिन कोई व्यवस्था नहीं हुई। लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। हम लोगों ने अपने स्तर से, अपने कार्यकर्ताओं को लगा कर, जितना संभव हो सका, रेस्क्यू करने का कार्य किया, क्योंकि प्रशासन ऐसी स्थिति के लिए तैयार ही नहीं था।

